दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
सतनाम को मानो, सत्य ही ईश्वर है और ईश्वर ही सत्य है। सत म धरती सत म अकास।

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, रविवार 18 दिसंबर 2022, शुक्ल पक्ष दशमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-284 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

अंधे को अंधा नहीं सूरदास कहते है। यह बात सुशासन बाबू को शायद पता नहीं है। यही वजह है कि उन्होंने दो टूक बयान दे दिया कि शराब बहुत खराब होती है। जो पिएगा वो मरेगा। इसमें कोई नई बात नहीं है। नीतिश कुमार के इस बयान के बाद बिहार में बवाल खड़ा हो गया है। दरअसल बिहार ही नहीं पूरे देश में ऐसे बुड़बकों की कमी नहीं है जो यह मानते है कि शराब रूपी सामाजिक बुराई को पी-पी कर ही खत्म किया जा सकता है, भले ही इस चक्कर में वो खुद क्यों न खत्म हो जाएं?

छत्तीसगढ़ में अब स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट आईटीआई योजना, 'मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा' की सीएम ने की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 3 महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने 'मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा' की घोषणा करते हुए इस योजना के लिए 100 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की। वहीं सभी स्कूलों, छात्रावासों, आश्रमों, शासकीय भवनों के रखरखाव और उन्नयन के लिए एक हजार करोड़ रुपए देने की घोषणा की है। सीएम ने तकनीकी शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के उन्नयन के लिए 'स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट आईटीआई योजना' की घोषणा करते हुए इस योजना के लिए 1200 करोड़ रुपए देने की घोषणा की।

छत्तीसगढ़वासियों में आई खुशहाली

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार के 4 साल पूरे होने पर रायपुर शहर के ऐतिहासिक टाउन हॉल में भी छत्तीसगढ़ गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बनते ही सबसे पहले प्रदेश के अन्नदाताओं का ऋण माफ किया गया। छत्तीसगढ़ में किसानों को धान की कीमत अब पूरे देश में सबसे अधिक मिल रही है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से लेकर भूमिहीन कृषि मजदूरों के हित में सरकार ने योजनाएं चलाई हैं।

तेलंगाना में भीषण आग में एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत

हैदराबाद (वार्ता)। तेलंगाना के मनचेरियल जिले के मंदमारी मंडल के गुडीपल्ली गांव में शनिवार तड़के एक में भीषण आग लगने से एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि आग तड़के एक बजे उस वक्त लगी, जब एक परिवार अपने खपरैल के मकान में सो रहे था।

छत्तीसगढ़ में बेशरम रंग गाना हटाने की मांग

नई दिल्ली/रायपुर। शाहरुख खान-दीपिका पादुकोण की पठान को लेकर 7 राज्यों में विरोध शुरू हो गया है। मध्यप्रदेश, राजस्थान बिहार, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात और महाराष्ट्र में प्रदर्शन हो रहे हैं। बिहार के मुजफ्फ रपुर शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण सहित पांच लोगों पर धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने और अश्लीलता फैलाने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। छत्तीसगढ़ में शिव सैनिकों ने फिल्म से बेशरम रंग गाना हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि ऐसा नहीं किया गया तो छत्तीसगढ़ में फिल्म रिलीज नहीं होने देंगे। यूपी के मथुरा में हिंदू महासभा फिल्म का विरोध कर रही है।

छोटे मामलों को भी देखना हमारी ड्यूटी

■ कानून मंत्री की टिप्पणी पर सीजेआई की दो टूक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि उसके लिए कोई मामला छोटा नहीं है, यदि व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मामला होगा तो हम उसमें जरूर हस्तक्षेप करेंगे। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि अगर हम व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मामलों में कार्रवाई नहीं करते हैं और राहत नहीं देते तो हम यहां क्या कर रहे हैं।

मुख्य न्यायाधीश की यह टिप्पणियां कानून मंत्री किरेन रिजिजू के गुरुवार को संसद में दिए गए बयान के बाद आई हैं जिसमें उन्होंने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट को जमानत याचिकाओं और फालतू पीआईएल पर सुनवाई नहीं करनी चाहिए, बल्कि संवैधानिक मसलों की सुनवाई करनी चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश की पीठ एक मामले की सुनवाई कर रही थी जिसमें व्यक्ति को बिजली की चोरी के लिए कुल 18 साल की लगातार सजा काटने का आदेश दिया गया। आरोपी ने प्ली बार्गेनिंग स्वीकार कर ली थी और उसे नौ मामलों में से प्रत्येक में दो साल की सजा सुनाई गई। अधिकारियों ने माना कि सजाएं एकसाथ के बजाय एक के बाद एक चलती हैं, जिसके परिणामस्वरूप कुल 18 साल की सजा होती है।

सीजेआई चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा मामला बिल्कुल चौंकाने वाला है। अपीलकर्ता पहले ही सात साल की सजा काट चुका है। इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा यह आदेश देने से इनकार करने के बाद अपीलकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया कि उसकी सजा एकसाथ चलनी चाहिए। पीठ ने कहा यदि सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करना है तो हम यहां किसलिए हैं। हम व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करते हैं और हम इस व्यक्ति की रिहाई का आदेश नहीं देते हैं तो हम यहां किसलिए हैं। ऐसे में हम संविधान के अनुच्छेद 136 का उल्लंघन कर रहे हैं।

पीठ ने मामले में वरिष्ठ वकील एस नगामुथु की सहायता मांगी। नगामुथु ने हाईकोर्ट के आदेश को गलत बताते हुए कहा, इससे यह आजीवन कारावास बन जाएगा। मुख्य न्यायाधीश ने तुरंत कहा, इसलिए सुप्रीम कोर्ट की जरूरत है, जब आप यहां बैठते हैं तो सुप्रीम कोर्ट के लिए कोई भी मामला छोटा नहीं होता और कोई मामला बहुत बड़ा नहीं होता।

पीएम मेघालय में करेंगे 2450 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास

शिलांग (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को मेघालय के दौरे पर आयेंगे और करीब 2450 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे तथा स्टेट कन्वेंशन सेंटर(एनईसी)के पूर्वोत्तर परिषद के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेंगे।

समारोह में केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल और पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि एनईसी का औपचारिक रूप से उद्घाटन 07 नवंबर-1972 को हुआ था। एनईसी ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और क्षेत्र के सभी राज्यों में विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और अन्य विकास पहलों को समर्थन दिया है। इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, जल संसाधन, कृषि, पर्यटन, उद्योग सहित अन्य बहुमूल्य पूंजी जुटाने में और सामाजिक बुनियादी ढांचे को बनाने में मदद की है।

प्रधानमंत्री बाद में पोलो मैदान में सार्वजनिक समारोह में 2450 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

प्रेम और इंटरकास्ट मैरिज के चलते सैकड़ों युवा हर साल मार दिए जाते हैं : सीजेआई

मुंबई। देश में ऑनर किलिंग को लेकर चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने बड़ा बयान दिया है। शनिवार को मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि देश में हर साल प्रेम प्रसंग के चलते या दूसरी जाति में शादी करने की वजह से सैकड़ों युवा मार दिए जाते हैं। कार्यक्रम में उन्होंने इस पर शोक भी जताया। जस्टिस चंद्रचूड़ पूर्व अटॉर्नी जनरल की 90वीं जयंती पर हुए कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नैतिकता एक ऐसी अवधारणा है, जो हर व्यक्ति के लिए अलग-अलग होती है। सीजेआई ने 1991 के एक आर्टिकल का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि कैसे 1991 में उत्तर प्रदेश में एक 15 साल की लड़की को उसके माता-पिता ने मार डाला था। गांव वालों ने उस अपराध को स्वीकार कर लिया क्योंकि उनके मुताबिक लड़की ने समाज के खिलाफ कदम उठाया था। वह समाज जिसे पावरफुल लोगों ने बनाया है और उसका कमजोर तबके को पालन करना पड़ता है। जबकि ये नियम उस तबके के लोगों की परंपराओं के खिलाफ हैं।

जगन्नाथ मंदिर में अनोखा चढ़ावा

महिला भिखारी ने दान किए 1 लाख रुपए

ओडिशा। उड़ीसा में भीख मांगकर जीवन गुजारने वाली एक बुजुर्ग महिला ने कुछ ऐसा किया है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है। इस 60 वर्षीय महिला जगन्नाथ मंदिर को एक लाख रुपए दान दिए हैं। यह महिला उड़ीसा के कंधमाल जिला स्थित फूलबनी कस्बे में स्थित इसी मंदिर में भीख मांगती थी। महिला का नाम तुला बेहरा बताया गया है और वह फूलबनी कस्बे में रहती है। बीते कई सालों में उसने यह रकम बचाई थी। शुक्रवार को उसने फूलबनी जगन्नाथ टेंपल मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष सुनासीर मोहपात्रा और अन्य सदस्यों को यह रकम दान की।

भगवान के पैसे, भगवान को अर्पित: तुला बेहरा ने कहा कि मेरी पूरी जिंदगी भगवान जगन्नाथ की कृपा पर निर्भर रही है। वैसे भी मैं अपनी जिंदगी जी चुकी हूं। अब इतने पैसों का क्या करूंगी? इसलिए मैंने अपना सारा पैसा भगवान को अर्पण करने का फैसला किया। तुला बेहरा ने कहा कि मेरे जीवन में जो कुछ भी है, उसके लिए मैं भगवान का शुक्रगुजार हूं।

शाह के सामने ममता की बीएसएफ से बहस

कहा- फोर्स के पास ज्यादा ताकत, इससे राज्य के लोग परेशान हो रहे

कोलकाता। कोलकाता के हावड़ा में शनिवार को ईस्टर्न जोनल काउंसलिंग की बैठक हुई है। इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह के सामने ममता बनर्जी की बीएसएफ अधिकारियों की बहस हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। यह वाक्या हावड़ा में ईस्टर्न जोनल काउंसलिंग की बैठक के दौरान हुआ। ममता बीएसएफ को बॉर्डर के 50 किलोमीटर अंदर तक कार्रवाई के अधिकार देने से नाराज हैं। ममता का कहना है कि इससे आम लोगों को परेशानी हो रही है।

केंद्र सरकार ने नए कानून के तहत बीएसएफ को इंटरनेशनल बॉर्डर से 50 किलोमीटर तक के इलाके में कार्रवाई करने का अधिकार दिया है। इसके लिए मजिस्ट्रेट के आदेश या वारंट की जरूरत नहीं होगी। इससे पहले बीएसएफ 15 किमी अंदर तक ही कार्रवाई कर सकती थी। ममता इसी बदलाव से नाराज हैं। उनका कहना है कि इससे आम लोग परेशान हो रहे हैं। बीएसएफ के पास ज्यादा पावर है, जो लोगों और अफसरों के बीच तालमेल नहीं बनने देता।

चीन में फिर कोरोना से हाहाकार

नई दिल्ली। चीन में कोरोना संक्रमण एक बार फिर से हाहाकार मचा रहा है. कोविड-19 के बढ़ते केसों के बीच शंघाई में स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया गया है. शंघाई की एजुकेशन अथॉरिटी की ओर से कहा गया है कि स्टूडेंट्स को अब घर से ही पढ़ाई करनी होगी, क्योंकि कोविड के चलते सोमवार से स्कूलों को बंद किया जा रहा है. इसके साथ ही किंडरगार्टन भी बंद रहेंगे. दरअसल, चीन की सरकार ने भारी विरोध प्रदर्शनों के बाद जीरो कोविड पॉलिसी को खत्म कर दिया था. इसके बाद देश में कोरोना का विस्फोट हो गया है।

सुप्रीम कोर्ट में नहीं टिकी राहुल गांधी के खिलाफ दलील

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में केरल के वायनाड लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने सरिता एस नायर की याचिका को ठुकरा दिया, जिन्होंने केरल हाई कोर्ट के 31 अक्टूबर 2019 के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

केरल हाई कोर्ट ने भी वायनाड और एर्नाकुलम में लोकसभा चुनावों को चुनौती देने वाली उनकी याचिकाओं को खारिज कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने दो नवंबर 2020 को अभियोजक की अनुपस्थिति के आधार पर राहुल के चुनाव को चुनौती देने वाली नायर की याचिका खारिज कर दी थी। बाद में सुप्रीम कोर्ट में याचिका पर पुनः सुनवाई का अनुरोध करते हुए एक अर्जी दायर की गई थी।

हत्या ▶ 7 दिनों में दूसरी ऐसी वारदात, सहमे राजधानीवासी, एक संदेही पुलिस हिरासत में

रायपुर में फिर बच्चे का मर्डर, घर से लापता रुपेंद्र की झाड़ियों में मिली लाश

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में फिर एक 10 साल के बच्चे की हत्या कर दी गई। बीते 7 दिनों में ये इस तरह का दूसरा केस है। ताजा मामला आरंग इलाके का है। मामले में पुलिस ने संदेह के आधार पर एक युवक को हिरासत में लिया है, उससे पूछताछ की जा रही है। शनिवार को दोपहर के वक्त पुलिस को झाड़ियों में गुमशुदा बच्चे की लाश मिलने के बाद मामला उजागर हुआ। पूरा प्रकरण आरंग इलाके के भानसोज गांव का है। 10 साल का रुपेंद्र घर से गुरुवार को खेलने निकला तो लौटा ही नहीं। 6वीं क्लास के इस बच्चे के दोस्तों के घर जाकर भी परिजनों ने पता लगाया मगर कुछ जानकारी नहीं मिली। शुक्रवार को इस मामले में की जानकारी पुलिस को मिली, गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई, शनिवार को इस बच्चे का शव मिला। पेंद्र का शव गांव से कुछ ही दूरी पर झाड़ियों में कीचड़ से सना मिला, आरंग की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आरंग थाना प्रभारी कमला पुसाम ने बताया कि पहली नजर में मामला संदिग्ध है, बच्चे का गला दबाकर हत्या कि जाने की आशंका है, पुलिस शॉर्ट पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। इस बीच हर एंगल से इस केस की तफ्तीश जारी है।

मछली पकड़ने का था आदि

10 साल के रुपेंद्र को गांव के तालाब से मछली पकड़ना अच्छा लगता था। वो चिड़ियों के पीछे भी भागा करता था। घर से अक्सर दूर-दराज जाकर मस्ती किया करता था, घर वाले भी न टोकते थे न दिनभर उस पर नजर रख पाते थे। रुपेंद्र के घर वाले खेती किसानी के काम से जुड़े हैं, बेटे की मौत की खबर ने परिजनों का बुरा हाल कर दिया है।

7 दिन में दूसरा कांड

बीते 7 दिनों में लापता बच्चे की हत्या का ये दूसरा केस है। इससे पहले रायपुर में ही 8 साल की लापता बच्ची की लाश मिली थी। इस बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया था। पुलिस ने अपनी छानबीन में पाया था कि बच्ची के घर के पड़ोस में रहने वाले 14 साल के नाबालिग ने ही इस कांड को अंजाम दिया था। बच्ची 8 दिनों से लापता थी।

बच्चों के लिए कला, शिल्प और साहित्य पर अखिल भारतीय स्पर्धा 'स्पलैश'

■ **एक्सिस बैंक के आयोजन में 7 से 14 वर्ष होगी आयु सीमा**

रायपुर/नवप्रदेश। भारत में निजी क्षेत्र के तीसरे सबसे बडो बैंक एक्सिस बैंक ने बच्चों के लिए कला, शिल्प और साहित्य पर अखिल भारतीय स्पर्धा 'स्पलैश' आयोजित करने का एलान किया है। इस स्पर्धा में 7-14 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चे भाग ले सकेंगे। स्पलैश 22-23 का आयोजन फिजीटली किया जाएगा, ताकि देशभर के बच्चों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिले। प्रतिभागी 12 दिसंबर 22 से 5 फरवरी 23 तक https://www.a&isbanksplash.in/ के माध्यम से पंजीकरण और अपनी प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं। इस वर्ष प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को ड्राइंग, लेखन और शिल्प के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और विचारों को प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।





किसानों से डेढ़ माह में 55 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

■ 110 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का है लक्ष्य

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में किसानों से धान खरीदी महाभियान के डेढ़ माह में समर्थन मूल्य पर अनुमानित लक्ष्य जा पचास प्रतिशत धान की खरीदी हो चुकी है। इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों से 110 लाख मीट्रक टन धान खरीदी खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। एक नवम्बर से अब तक लगभग 55 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन हो चुका है, जिसके एवज में राज्य के 13 लाख 98 हजार किसानों को 11,158 करोड़ रूपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के मागदर्शन में धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 40 लाख 11 हजार मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके एवज में मिलर्स द्वारा 31 लाख 71 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि इस साल राज्य में 25.92 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 2.26 लाख नये किसान शामिल हैं। राज्य में धान खरीदी के लिए 2594 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। सामान्य धान 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट पर माल वाहकों की चेकिंग की जा रही है।

अधिकारियों ने बताया कि आज 16 दिसम्बर को लगभग 48 हजार किसानों से लगभग 2 लाख 04 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है, इसके अलावा ऑनलाइन प्राप्त टोकन के जरिए किसानों से 53 हजार 270 टन धान की भी खरीदी हुई हैं। आगामी दिवस की धान खरीदी के लिए 70,356 टोकन तथा टोकन तुंहर हाथ एप के जरिये 19,481 टोकन ऑनलाइन जारी किए गए हैं।

एएम-एनएस इंडिया ने लाया दंतेवाड़ा के ग्रामीण जनजीवन में बदलाव, सीएसआर से लाभान्वित हो रहे गांव

रायपुर/नवप्रदेश। आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया 10 मिलियन टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता के साथ भारत के अग्रणी एकीकृत स्टील उत्पादकों में से एक है। दंतेवाड़ा के किरन्दुल में इसकी यूनिट स्थापित है। एएम-एनएस इंडिया औद्योगिक दायित्वों के साथ-साथ अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने में भी अग्रणी कम्पनी हैं। कम्पनी ने सीएसआर फण्ड के माध्यम से अपने क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं विकसित करने के साथ ही कई पहल किये हैं। एएम-एनएस इंडिया ने ग्रामीणों के जनजीवन में बदलाव लाते हुए युवाओं को नई दिशा दी है। यही वजह है कि कम्पनी को क्षेत्र के लोगों का समर्थन मिलता रहा है और कम्पनी ने सफलता के नए आयाम स्थापित किये हैं। छत्तीसगढ़ का पठारी क्षेत्र लौह अयस्क उत्पादन के लिए देश-दुनिया में प्रसिद्ध है जिसका प्रसंस्करण कर पूरी दुनिया में यहां का लोहा भिन्न-भिन्न आकारों में जनजीवन को सुलभ बना रहा है। खनिज और अयस्क राज्य में निवेश के सबसे बड़े स्त्रोत हैं लिहाजा शासन खनन के लिए बड़ी-बड़ी कम्पनियों को आमंत्रित करती है जिसके एवज में टैक्स के अतिरिक्त कम्पनियों का दायित्व होता है की वे खनन क्षेत्र में प्रभावित ग्रामों और लोगों के विकास हेतु प्रयास और क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं विकसित करे।

दंतेवाड़ा के वनांचल क्षेत्र खनिजों का भंडारगृह किंतु राज्य के अत्यल्प विकसित क्षेत्रों में से एक है जहां कई छोटी-बड़ी कम्पनियों ने निवेश किया है। रू्हस इंडिया इन्ही में से एक है जिन्होंने उद्योग के विस्तार के साथ क्षेत्र और समाज के विकास को प्राथमिकता दी और जिले में नलकूपों से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यावरण और अन्य क्षेत्रों में कम्पनी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

बीते एक वर्ष में कम्पनी द्वारा जिले में भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में किये कुछ प्रमुख कार्य इस प्रकार हैं-

स्वास्थ्य :- ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ करने रू्हस द्वारा राजकीय हाई स्कूल में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 373 छात्रों ने भाग लिया। पाइपलाइन ग्रामों में 9853 किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन और सेनेटरी पैड वितरित किया गया। 956 विकलांगो को सहायक उपकरण प्रदान किया गया। पोषाहार स्थिति में सुधार हेतु प्रयास किया गया साथ ही नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों से 3451 ग्रामीणों को लाभ हुआ।

शिक्षा :- दंतेवाड़ा के कई ग्रामों में रू्हस इंडिया द्वारा ज्ञानज्योति कार्यक्रम के तहत लड़कों और लड़कियों को साईकल वितरित किया गया। मेज-कुर्सी, वाटर फिल्टर, विभिन्न प्रकार की शिक्षा सामग्री, आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर स्कूली विद्यार्थियों के भौतिक व शैक्षणिक विकास के लिए कार्य किया गया है।

आजीविका/कौशल विकास :- ग्रामीणों के लिए आजीविका के साधन विकसित करने एवं कौशल विकास के लिए फुलपाड और कदमपाल के 20 युवाओं को चेन लिंक फेंसिंग मशीन, किसानों के लिए किचन गार्डन, 72 किसानों को कृषि उपकरण, सीप मशरूम की खेती के लिए बंडल निर्माण, 2545 लाभार्थियों को मछली पकड़ने के उपकरण प्रदान किया गया।

पेय जल :- ग्रामों में पेय जल संकट को दूर करने सीएसआर मद से पटेलपारा-किरंदुल बस्ती में 105 हितग्राहियों के लिए जल पाइप योजना, 740 हितग्राहियों के लिये 20 बोरवेल की मरम्मत, पुलिस कैम्प में आरओ सह वाटर कूलर की सुविधा और कई हैंड ट्यूबवेल की मरम्मत की गयी जिससे 1190 लाभार्थी लाभान्वित हुए। 6 नए बोरवेल की ड्रिलिंग की गयी जिससे 320 परिवार लाभान्वित हुए ।

राजधानी में 25 तक चलेगा क्षेत्रीय सरस मेला

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत गठित महिला स्वसहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी और विक्रय के लिए रायपुर के शंकर नगर स्थित बीटीआई मैदान में 25 दिसम्बर तक क्षेत्रीय सरस मेला का आयोजन किया गया है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा ने आज शाम मेले का शुभारंभ किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संचालक अवनीश कुमार शरण और रायपुर के कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे भी शुभारंभ कार्यक्रम में मौजूद थे। क्षेत्रीय सरस मेले में छत्तीसगढ़ के साथ ही कई राज्यों के ग्रामीण समुदायों द्वारा निर्मित सामग्रियों को बिक्री और प्रदर्शन के लिए रखा गया है। मेला में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के फूड स्टॉल भी लगे हैं। मेला में ओडिशा, असम, गुजरात, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल के ग्रामीण समुदायों द्वारा उत्पादित उत्कृष्ट उत्पाद भी प्रदर्शनी-सह-विक्रय के लिए उपलब्ध हैं। मेलास्थल में रोज शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी होगी। 'बिहान' के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं तथा प्रदेश के गौठानों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में काम कर रहे समूहों द्वारा उत्पादित व निर्मित प्राकृतिक उत्पादों के प्रोत्साहन और विक्रय के लिए आयोजित इस मेला में लोग प्रतिदिन सवेरे दस बजे से रात दस बजे तक प्रदर्शनी, खरीदी, छत्तीसगढ़ी व्यंजनों तथा सांस्कृतिक संध्या का आनंद ले सकेंगे। राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गांवों की समृद्धि और रोजगार के लिए संचालित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन - 'बिहान' के अंतर्गत इस क्षेत्रीय सरस मेला का आयोजन किया गया है। मेला में 'बिहान' के तहत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में गठित महिला स्वसहायता समूहों द्वारा निर्मित कई विशिष्ट जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी-सह-विक्रय की व्यवस्था है। कोसा, सिल्क, खादी, हैण्डलूम, बैलमेटल, टेराकोटा, बांस, काष्ठ शिल्प इत्यादि उत्पाद यहां बिक्री और प्रदर्शनी के लिए रखे गए हैं।

एम्स की टीम को राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तीन पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सकों की टीम ने शिलांग में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तीन पुरस्कार प्राप्त किए।

इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थिसियालॉजिस्ट की 69वीं वार्षिक राष्ट्रीय कांफ्रेंस शिलांग स्थित नार्थ-ईस्टर्न इंदिरा गांधी रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ हैल्थ एंड मेडिकल साइंसेज में आयोजित की गई थी। इसमें विभागाध्यक्ष प्रो. नंदकिशोर अग्रवाल के निर्देशन में जूनियर रेजिडेंट्स की टीम ने एजुकेशनल फेस्ट में भाग लिया।

कांफ्रेंस की प्रतिष्ठित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में डॉ. अभिमन्यु प्रभु ने स्वर्ण, डॉ. धनज गणेश ने कांस्य और डॉ. नंदीश्वरा डीके ने पांचवे स्थान पर सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने टीम के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी है।

राज्यपाल ने गुरू घासीदास जयंती पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल अनुसुईया उइके ने संत बाबा गुरू घासीदास की जयंती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि महान संत बाबा गुरू घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर सद्मार्ग में चलने का रास्ता दिखाया। उन्होंने कहा कि समाज को एकता के सूत्र में पिरोने वाले बाबा गुरू घासीदास शांति, समरसता और सद्भावना के प्रतीक है। संत बाबा गुरू घासीदास ने समाज में व्याप्त भेदभाव एवं असमानता को दूर कर समतामूलक समाज स्थापित करने पर बल दिया और उनके उपदेश आज भी प्रासंगिक है।

मुख्यमंत्री ने 'न्याय के चार साल' एवं 'न्याय के रास्ते-सबके वास्ते' पुस्तकों का किया विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के अवसर पर अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित दो पुस्तकों 'न्याय के चार साल' एवं 'न्याय के रास्ते-सबके वास्ते' का विमोचन किया। कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे और नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, मुख्यमंत्री के सलाहकार द्वय विनोद वर्मा और राजेश तिवारी, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, आदिम जाति कल्याण विभाग के सचिव डी.डी.सिंह,

कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ.कमलप्रीत सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. एस.भारतीदासन और अंकित आनंद, जनसंपर्क सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, जनसंपर्क आयुक्त दीपांशु काबरा और संचालक जनसंपर्क सौमिल रंजन चौबे सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

'न्याय के चार साल' पुस्तक राज्य सरकार की चार वर्ष की उपलब्धियों और जनहितकारी फैसलों पर केन्द्रित है। इस पुस्तक में छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशिप योजना के साथ अन्य जन-कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी शामिल है। इसी प्रकार 'न्याय के रास्ते-सबके वास्ते' पुस्तक शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पर केन्द्रित है।

पीएम गतिशक्ति योजना पर स्टेट मास्टर प्लान तैयार

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना अंतर्गत एम्पावर्ड ग्रुप ऑफ सेक्रेटरी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में गतिशक्ति योजना

के स्टेट मास्टर प्लान तैयार करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। प्रधानमंत्री गतिशक्ति पोर्टल में राज्य शासन के विभिन्न विभागों के डाटा अपडेट की स्थिति, भू-अभिलेखों के जियो रिफ्रिंग, पीएम गतिशक्ति अंतर्गत वित्तीय सहायता (पार्ट-2) के अंतर्गत प्रोजेक्ट की स्थिति एवं सभी विभागों के अधिकारियों को पीएम गतिशक्ति हेतु नोडल अधिकारी शीघ्र नियुक्ति की विस्तार से समीक्षा की गई।बैठक में विभिन्न विभागों के पास वर्तमान में उपलब्ध समस्त जीआईएस डाटा को पोर्टल में अपलोड के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई।

सात सिंचाई योजनाओं के लिए 39.53 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश की सात विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को कराने के लिए 39 करोड़ 53 लाख 73 हजार रूपए स्वीकृत किए हैं। सिंचाई योजनाओं के पूरा होने से 1 हजार 927 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। दंतेवाड़ा जिले के विकासखण्ड-दंतेवाड़ा की गंजेनार एनीकट कार्य के

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

क्र.-202212101200023

अ-74/2022-23

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका ओंकार पिता ररूध निवासी शशि नगर भिलाई के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि उनके भूमिस्वामी हक की भूमि मौजा ग्राम अण्डा प.ह.नं.35 रा.नि. मंडल अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 306 रकबा 0.020 हे. भूमि दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो गया है जिसका द्वितीय प्रति में ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन इस न्यायय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 28/12/2022 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/12/2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 16/12/2022

पेशी दिनांक 28/12/2022

नायब तहसीलदार

मुहर दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र - महासमुंद

ई-मेल – eemsdcghb@gmail.com

//आम सूचना//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि छ.ग. गृह निर्माण मंडल द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत आरंग, जिला- रायपुर में भवन क्र. LIG- 287, श्रीमति दीपा देवांगन पति श्री पवन कुमार देवांगन के नाम पर स्व. वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया हैं। आबंटी द्वारा उक्त भवन का लीजडीड,/सेलडीड दिनांक 26.03.2014 को निष्पादित करा लिया गया हैं। वर्तमान में आबंटी श्रीमति दीपा देवांगन पति श्री पवन कुमार देवांगन पताः- म.न. 287 दीनदयाल कॉलोनी आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री शंभु बंछोर पिता श्री प्रभाकर बंछोर पताः- वार्ड न. 15 आरंग, तहसील आरंग, जिला - रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया हैं । प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन क्रेता श्री शंभु बंछोर पिता श्री प्रभाकर बंछोर पता :- वार्ड न. 15 आरंग, तहसील आरंग जिला - रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना हैं।

अतः किसी व्यक्ति, शासकीय अर्द्धशाकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था इत्यादि को भूखण्ड/भवन के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के जारी दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

संलग्नः- उपरोक्तानुसार-

संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल

प्रक्षेत्र महासमुंद

न्यायालय तहसीलदार कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

!! ईश्तहार!!

ई कोर्ट नं.202212080700010ब/121/वर्ष 2022-23

ग्राम - कवर्धा प.ह. नं. - 03

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम- कवर्धा प.ह.नं.- 03, रा.नि.मं. कवर्धा तहसील कवर्धा को सूचित किया जाता है कि आवेदक इमरान पिता जहूर अली निवासी ग्राम कवर्धा तहसील कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा अपने पुत्र अरहान पिता इमरान की जन्म दिनांक 29/03/2018 का जन्म पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार/नगर पालिका परिषद कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र एवं विलम्बित जन्म-मृत्यु का पंजीयन किए जाने प्रस्तुत शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की फोटोप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है जिसकी सुनवाई दिनांक 28/12/2022 को नियत किया गया है।

अतः आवेदक अपने पुत्र अरहान पिता इमरान के जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 14/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 14.12.2022 तहसीलदार

पेशी दिनांक 28.12.2022 कवर्धा

मुहर जिला- कबीरधाम

कार्यालय संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र - महासमुंद

ई-मेल – eemsdcghb@gmail.com

//आम सूचना//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि छ.ग. गृह निर्माण मंडल द्वारा अटल विहार योजनांतर्गत मचेवा, महासमुंद में भवन क्र. जुनि.एम.आई.जी. टाईप 2/152, श्रीमति दीक्षा प्रशांत चौधरी पति श्री प्रशांत चौधरी के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया हैं। आबंटी द्वारा उक्त भवन का लीजडीड / सेलडीड दिनांक 18.11.2019 को निष्पादित करा लिया गया हैं। वर्तमान में आबंटी श्रीमति दीक्षा प्रशांत चौधरी पति श्री प्रशांत चौधरी पताः- लक्ष्मी नारायण मंदिर, नन्दनवन कॉलोनी, हनुमान नगर नागपुर (महाराष्ट्र) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमति अंजना रावल पति श्री प्रशांत डी रावल पताः- नेहरू चौक मेन रोड, अहिंसा द्वार के पास महासमुंद, जिला - महासमुंद (छ.ग.) के नाम पर विक्रय करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया हैं। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन क्रेता श्रीमति अंजना रावल पति श्री प्रशांत डी रावन पताः- नेहरू चौक मेन रोड, अहिंसा द्वार के पास महासमुंद, जिला-महासमुंद (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना हैं।

अतः किसी व्यक्ति, शासकीय अर्द्धशाकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था इत्यादि को भूखण्ड/भवन के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने किसी भी प्रकार कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के जारी दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

संलग्नः उपरोक्तानुसार

संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल

प्रक्षेत्र- महासमुंद

।। न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला दुर्ग।।

// उद्घोषणा //

रा.प्र.क्र./202207100400230/ अ-20(1)/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है छ.ग. शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर अटल नगर की अधिसूचना दिनांक 26.09.2019 के द्वारा छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों की भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदाय किया जाना) अधिनियम की धारा 5 'क' के अंतर्गत अवैध / अनियमित पट्टा हस्तांतरण की नियमितीकरण हेतु दिशा निर्देश दिये गये है।

उक्त निर्देशों के परिपालन में नगर पालिक निगम, दुर्ग सीमा क्षेत्र दुर्ग के श्री राजेश चन्द्राकर आ. मन्नू लाल, निवासी-वार्ड 29, अस्पताल वार्ड, दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग हास्पीटल वार्ड स्थित नजूल शीट क्रमांक 45-डी, प्लाट नं.-628/1, रकबा 125 वर्गमीटर को विक्रेता सुरेश कुमार दुबे आ.स्व. पवन प्रसाद दुबे, निवासी- पचरी पारा, तहसील व जिला दुर्ग से उक्त शासकीय पट्टे की भूमि को क्रय किये जाने पर स्वयं के नाम से पट्टा जारी किये जाने बाबत् आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी (रा) दुर्ग के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग के द्वारा छ.ग. शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर के अधिसूचना दिनांक 26.09.2019 एवं अधिसूचना दिनांक 24.02.2022 के निर्देशों के अनुरूप जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 30.12.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.12.2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक- 14.12.2022

सुनवाई दिनांक- 30.12.2022 तहसीलदार

मुहर दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

202212100400152/ अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पवन कुमार सिंह आ. योगेन्द्र सिंह निवासी - रामनगर मुक्तिधाम सुपेला के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम - सिकोला प.ह.नं. 17/8 स्थित भूमि खसरा 11/31 रकबा 0.011 हे. 1250 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी

मुहर दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग

मामले की श्रेणीः राजस्व

संदर्भः- जिला दुर्ग तहसील - दुर्ग प.ह.न. - 00027 कोलिहापुरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CG5124917112022001

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00027 के अंतर्गत ग्राम कोलिहापुरी के वर्तमान भूमिस्वामी अनसुईया पिता/पति स्व. मोतीलाल पता- ग्राम कोलिहापुरी पो. पीसेगांव तह व जिला दुर्ग कचरी बाई पिता/पति स्व. परदेशीराम पता-ग्राम कोलिहापुरी पो. पीसेगांव तह व जिला दुर्ग. गायत्री बाई पिता/पति स्व. मोतीलाल पता ग्राम कोलिहापुरी पो. पीसेगांव तह व जिला दुर्ग, मनीषा यादव पिता/पति स्व. धर्मेन्द्र पता- ग्राम कोलिहापुरी पो. पीसेगांव तह व जिला दुर्ग, सोनिया बाई पिता/पति स्व. परदेशीराम पता- ग्राम कोलिहापुरी पो. पीसेगांव तह व जिला दुर्ग, सोनी बाई पिता/पति स्व. परदेशीराम पता ग्राम कोलिहापुरी पो. पीसेगांव तह व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 268 (0.1690) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता खुद व नाबालिक रिया यादव की तरफसे वली माँ संतोषी यादव पिता/पति स्व. धर्मेन्द्र पता ग्राम कोलिहापुरी पो. पीसेगांव तह व जिला दुर्ग, दुखहरण पिता/पति स्व. मोतीलाल पता-ग्राम कोलिहापुरी पो. पीसेगांव तह व जिला दुर्ग पुरानिक पिता/पति-स्व. परदेशीराम पता- ग्राम कोलिहापुरी पो. पीसेगांव तह व जिला दुर्ग, पवन यादव पिता/पति स्व. धर्मेन्द्र पता ग्राम कोलिहापुरी पो. पीसेगांव तह व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30/12/2022को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/12/2022 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार

मुहर दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रिसाली दुर्ग (छ.ग.)

विषयः सीमांकन।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नायब तहसीलदार के आ. क्र. 1212 दिनांक 15/9/22 के पालन में ग्राम रिसाली प.ह.नं. 22 भूमि स्वामी श्री राम कुशाल शर्मा आ./ पति लालमणि शर्मा निवासी भिलाई द्वारा आवेदित ग्राम रिसाली स्थित भूमि खसरा नम्बर 672/103 रकबा 0.03 हे. जिसकी सीमा उत्तर में महावीर सिन्हा दक्षिण में सुरेश देशमुख पूर्व में रास्ता तथा पश्चिम में सोमेश्वर राव/ जितेन्द्र सिंह है। का सीमांकन दिनांक 21/12/22 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 11 से 5 बजे किया जावेगा कोई भी व्यक्ति जो उक्त खसरा नंबर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज नक्शा ले-आउट तथा रजिस्टी प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है।

तत् पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिनांक :- 15/12/2022

राजस्व निरीक्षक

मुहर रा.नि.मं.- रिसाली (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

क्रमांक/ प्र.1 अति. तह./2022

दुर्ग दिनांक 2022

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश कुमार जैन आ. स्व. धेवरचंद जैन साकिन गजपाल शक्ति चौरा दुर्ग द्वारा ग्राम जेवरा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 186/2 187 रकबा 0.15, 0.24 हे. भू.रा. रूपये से संबंधित ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 5.1.2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार

मुहर दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग, जिला- दुर्ग

रा.प्र.कं./ 202206100400152 अ-2/2021-22

पक्षकार का नाम - श्री आर.पी.यादव

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री आर.पी. यादव पिता श्री आर.पी.एस. यादव निवासी मरोदा सेक्टर भिलाई द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु छ.ग.भू.स.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2) (5) के तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

ग्राम प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि स्थित है	खसरा नम्बर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
उमरपोटी, प.ह.नं. 42 तह. व जिला दुर्ग	794/39	0.019 हे. /2000 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति- दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियम कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति- दावा पर कोई विचार नहीं किया जोवगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)

मुहर दुर्ग, जिला- दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग, जिला- दुर्ग

रा.प्र.कं./ अ/2, 2022-23

पक्षकार का नाम - श्रीमती दीपा मेश्राम

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती दीपा मेश्राम पति श्री जितेन्द्र कुमार मेश्राम निवासी शिवधाम वार्ड नं. 19 सिवनी बालाघाट द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु छ.ग.भू.स.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2) (5) के तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

ग्राम प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि स्थित है	खसरा नम्बर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
सिकोला, प.ह.नं. 08 तह. व जिला दुर्ग	20/16	0.022 हे. /2400 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति- दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियम कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति- दावा पर कोई विचार नहीं किया जोवगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 12/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)

मुहर दुर्ग, जिला- दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग, जिला- दुर्ग

रा.प्र.कं./ अ/2, 2022-23

पक्षकार का नाम - श्री राहूल पानबूडे

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री राहूल पानबूडे पिता श्री वामन राव पानबूडे, निवासी केम्प 02 टाटा लाईन भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु छ.ग.भू.स.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2) (5) के तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

ग्राम प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि स्थित है	खसरा नम्बर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
कोहका, प.ह.नं. 19 तह. व जिला दुर्ग	4237	0.020 हे. /2250 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति- दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियम कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति- दावा पर कोई विचार नहीं किया जोवगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)

मुहर दुर्ग, जिला- दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग, जिला- दुर्ग

रा.प्र.कं./ 202212100400199 अ/2, 2022-23

पक्षकार का नाम - श्रीमती शकुन्तला यादव

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती शकुन्तला यादव पति श्री आर.पी. यादव, निवासी मरोदा सेक्टर भिलाई द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु छ.ग.भू.स.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2) (5) के तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

ग्राम प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि स्थित है	खसरा नम्बर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
रिसाली, प.ह.नं. 22 तह. व जिला दुर्ग	1242/13	0.021 हे. /2300 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति- दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियम कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति- दावा पर कोई विचार नहीं किया जोवगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)

मुहर दुर्ग, जिला- दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा पत्र

रा.प्र.क्रं./ /अ-6/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है । आवेदक/ आवेदिका मो. शमी खान पिता/पति स्व. मो. उसमान निवासी ग्राम कैलाबाड़ी दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 662/26 रकबा 0.022 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार मो. उसमान की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 29/12/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/12/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

जारी दिनांक :- 12/12/2022

सुनावाई दिनांकः- 29/12/2022

तहसीदार

मुहर दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालयतहसीलदारदुर्ग मामलेकी श्रेणीः राजस्व

संदर्भः जिला- दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न. 00023 बोरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CG5106401122022017

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00023 के अंतर्गत ग्राम बोरसी के वर्तमान भूमि स्वामी आबेदाबेगम पिता/पति सैय्यदयुसुफ पता मकान नं. 129 वार्ड नं. 41 केलाबाड़ी दुर्ग तह. जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 317(0.2080) प्रस्तावित भूमि स्वामी/क्रेता इकबाल अलीपिता/पति युसुफ अलीपता मकान नं. 129 वार्ड न. 41 केलाबाड़ी दुर्ग तह. जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29/12/2022 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/12/2022 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार

मुहर दुर्ग (छ.ग.)

मानवता के अग्रदूत गुरू घासीदास

जयंती अवसर पर विशेष

छत्तीसगढ़ की पावन भूमि में अनेक विभूतियॉं अवतरित हुई हैं, इन्हीं विभूतियों में गुरू घासीदास है। 18 दिसम्बर सन् 1756 में रायपुर जिला के गिरौदपुरी गॉंव में जन्में घासीदास जी का व्यक्तित्व बहुआयामी था, उनके पिता का नाम मंहगूदास सतनामी एवं माता का नाम अमरौतिन था। निरक्षर होते हुए भी उनमें अलौकिक सत्वज्ञान था। छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज को उन्होंने रचनात्मक दिशा प्रदान की। ``मनखे-मनखे एक समान'' का सिद्धांत वाक्य प्रतिपादित करने वाले गुरू घासीदास के उपदेशों एवं वचनों के चिंतन से उनके प्रगतिशीलता एवं अनुभवजन्य विचारधारा की अनुभूति होती है। उनके जीवन वृतातों एवं विचारों के परिशीलन करने पर यह सिद्ध है कि बाबा गुरू घासीदास को एक संप्रदाय अथवा पंथ में सीमित नहीं किया जा सकता वरन् वे सर्वसमाज के मार्गदर्शक एवं आस्था के व्यक्तित्व है।

संत गुरू घासीदास के विचार एवं उपदेश 21 वीं सदी में ज्यादा प्रासंगिक

डॉ. संजय शुक्ला

छत्तीसगढ़वासियों के लिए गुरू घासीदास बाबा

छत्तीसगढ़वासियों के लिए गुरू घासीदास बाबा एवं उनकी जन्मस्थली गिरौदपुरी धार्मिक श्रद्धा के केंद्र है। जनश्रुतियों के अनुसार गुरू घासीदास में अलौकिक शक्ति बाल्यकाल से ही रही है। साधु प्रवृत्ति का यह बालक कालांतर में सतनाम का उन्नायक बना, उन्हें वन्य जीवन से गहरा अनुराग था। उनका विवाह अंचल के प्रसिद्ध बौद्ध पुरातत्विक नगरी सिरपुर के अंजोरीदास एवं सत्यवती नामक दंपति की सुपुत्री सफुरा से हुआ था। उन्होंने 40 वर्श की आयु में गृहस्थ जीवन त्याग दिया।

गुरू घासीदास बाबा का गृहस्थ जीवन

गृहस्थ जीवन के त्याग के बाद सतनाम के मूल आधार ``सत्य'' से प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु वे छातागढ़ पहाड़ पर औंरा-धौरा वृक्ष के नीचे समाधि में ध्यानस्थ हुए। रज एवं तमोगुण से मुक्त सत्ववान घासीदास को सत्य का बोध होने के बाद उन्होंने अपना जीवन जनकल्याण के लिए अर्पित कर दिया। कठिन तपस्या के पष्चात् गुरू घासीदास में चमत्कारिक शक्ति का अभ्युदय हुआ, इस शक्ति के द्वारा उन्होंने अंचल के जनमानस के रोग एवं शोक का निदान किया।

गुरु घासीदास बाबा जी के शिक्षा दीक्षा के संबंध में जितने भी जानकारियां दी जाती है वे सब भ्रामक है उन्होंने किसी से भी शिक्षा प्राप्त नहीं किया और न ही उनके कोई गुरु थे बाबा घासीदास स्वयं महाज्ञानी थे। गुरू घासीदास बाबाजी ने समाज में व्याप्त जातिगत विषमताओं को नकारा। उन्होंने ब्राम्हणों के प्रभुत्व को नकारा और कई वर्णों में बांटने वाली जाति व्यवस्था का विरोध किया। उनका मानना था कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति सामाजिक रूप से समान हैसियत रखता है। गुरू घासीदास ने मूर्तियों की पूजा को वर्जित किया। वे मानते थे कि उच्च वर्ण के लोगों और मूर्ति पूजा में गहरा सम्बन्ध है। गुरू घासीदास पशुओं से भी प्रेम करने की सीख देते थे।



छत्तीसगढ़ पावन भूमि में विभूतियॉं में गुरू घासीदास

निरक्षर होते हुए भी उनमें अलौकिक सत्वज्ञान

जन्मस्थली गिरौदपुरी धार्मिक श्रद्धा के केंद्र

उनकी जन्मस्थली गिरौदपुरी धार्मिक श्रद्धा के केंद

उन्होंने समाज सुधार एवं जनकल्याण का बीड़ा उठाते हुए छत्तीसगढ़ अंचल में उपदेश हेतु यात्रा किया। यात्रा को रावटी की संज्ञा दी गई है, इस रावटी में प्रमुख रूप से बस्तर जिले के चिरईपदर, कॉंकेर, राजनांदगांव, दुर्ग जिले के पानाबरस मोहला, डोंगरगढ, राजनांदगॉंव के गंडई, कवर्धा के भोरमदेव, बिलासपुर के दलहा पोंड़ी आदि शामिल है। इस उपदेश यात्रा (रावटी) में उनके अनुयायी भी शामिल होते थे। इस दौरान गुरू घासीदास बाबा जनसामान्य को सरल छत्तीसगढ़ी भाशा में ही उपदेश दिया करते थे।

गुरू घासीदास के उपदेशों एवं अमृत वाणियों का प्रभाव इतना असरकारी था कि अन्य संप्रदाय एवं समाज के लोग भी उनसे गुरूदीक्षा लेकर उनके शिश्य बनने लगे। बाबा घासीदास की अध्यात्मिक ख्याति से तत्कालीन सामंतवादियों की चूलें हिलने लगीं। इन तत्वों द्वारा उनके अध्यात्मिक यात्रा में बाधा पहुॅंचाने का प्रयास भी किया गया, लेकिन गुरू घासीदास इन बाधाओं से विचलित नहीं हुए तथा विघ्नसंतोशियों का दुश्चक्र सत्य के आगे बौना साबित हुआ।

कालांतर में सतनाम के प्रर्वतक घासीदास जी ने भंडारपुरी को अपना कर्मस्थली निष्चित किया, वहॉं गुरूद्वारा का निर्माण कर जैतखंभ स्थापित किया गया। इस प्रकार भंडारपुरी भी आस्था के केंद्र के रूप में स्थापित हुआ।

सन 1672 में वर्तमान हरियाणा के नारनौल नामक स्थान पर साध बीरभान और जोगीदास नामक दो भाइयों ने सतनामी साध मत का प्रचार किया था। सतनामी साध मत के अनुयायी किसी भी मनुष्य के सामने नहीं झुकने के सिद्धांत को मानते थे। वे सम्मान करते थे लेकिन किसी के सामने झुक कर नहीं। एक बार एक किसान ने तत्कालीन मुगल बादशाह औरंगजेब के कारिंदे को झुक कर सलाम नहीं किया तो उसने इसको अपना अपमान मानते हुए उस पर लाठी से प्रहार किया जिसके प्रत्युत्तर में उस सतनामी साध ने भी उस कारिन्दे को लाठी से पीट दिया।

इतिहासकारों के अनुसार गुरू घासीदास का निर्वाण 20 फरवरी 1850 माना गया है। 17 वीं शताब्दी में मानवता का संदेश प्रचारित कर सर्वसमाज में सामाजिक क्रांति का प्रादुर्भाव करने वाले महान संत गुरू घासीदास के विचार एवं उपदेश 21 वीं सदी में ज्यादा प्रासंगिक है, उनके विचारों में जहॉं पाखंड एवं व्यसनो का निशेध किया गया है वहीं नारी स्वतंत्रता, स्वालंबन तथा समान दर्जा का भाव भी मौजूद है। उनके प्रमुख उपदेशों ``सतनाम को मानो, मूर्तिपूजा मत करो, जीव हत्या मत करो, परस्त्री को माता मानो, शराब मत पियो, दोपहर में खेत मत जोतो।'' के मीमांशा से यह स्पश्ट है कि गुरू घासीदास के इन सात उपदेशों में भारतीय दर्शन एवं धर्म का सारांश नीहित है। हिंदू एवं जैन धर्माचार्यों ने जहॉं जीव हत्या, मांसाहार एवं शराब सेवन को वर्जित किया है, वहीं सत्यनाम, मूर्तिपूजा विरोध, जात-पात निशेध, कबीरपंथ के प्रमुख सिद्धांत हैं। इन उपदेशों में ``बहुजन हिताय बहुजन सुखाय'' का मूलमंत्र भी प्रतिध्वनित होती है। गुरू घासीदास के संदेशों में जहॉं एक ओर सामाजिक कुरीतियों, आडंबरों का प्रतिकार है, वहीं निज अनुशासन, आचरण का भाव भी समाहित है। उनके रावटी में सदियों के अन्याय, अत्याचार एवं अनाचार से मुक्ति का प्रसंग भी शामिल है। अक्षर ज्ञान न होते हुए भी गुरू घासीदास के संदेशों में व्यवहारिक ज्ञान का विद्वतापूर्ण भाव नीहित है, यह भाव ही गुरू घासीदास को सद्गुरू की उपमा से अलंकृत करती है। गुरू घासीदास के उपदेशों एवं अमृत वाणियों में मानव समाज के सभी आयामों तथा विशयों में अनुशासन तथा शुचिता के भाव विद्यमान है। उनके विचारों में शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक एवं सामाजिक अनुशासन के उपाय नीहित है, इसीलिए संत गुरू घासीदास के मानवतावादी संदेश को सतनामी समाज ही नहीं वरन् छत्तीसगढ़ के सर्वसमाश ने आत्मसात किया है। बहरहाल आधुनिक परिवेश में जब देश व समाज में नैतिक व मानवीय मूल्यों का लगातार क्षरण हो रहा हो तब गुरू घासीदास के सिद्धांत एवं उपदेश सभी धर्म एवं जाति के लोगों के लिए ज्यादा प्रासंगिक हैं। जयंती अवसर पर गुरू घासीदास बाबा को शत-शत नमन।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जिनपिंग देख तेरे

जिनपिंग देख तेरे सैनिको की नाक काट,भेज दिया वापस, न सूरत दिखाना फिर, ढाई फुटे चीनी तू न कर उत्पात, बोल आँख फू टी कितनो की,गिन के बताना सिर मार मार लाठियों से तुझको खदेड़ दिया, अब फिर से न गुस्ताख तू उठाना सिर फिर से दुबारा तूने आँख जो दिखाई सुन,दोड दोड खुद को न बिल में छिपाना फिर।

- शालिनी शर्मा

अर्थ के अनर्थ पर

अर्थ के अनर्थ पर, तेरा समर्थ कुछ भी नहीं कर जतन जो यहां, धन के समक्ष कुछ भी नहीं मन बिका, ममता बिकी, बिक बिक गया शरीर स्वार्थ बाजार सब बिक गया तेरे पास कुछ नहीं अर्थ के समक्ष इस जगत में सब कुछ व्यर्थ है यहां भाव तेरा- भावनायें तेरी कुछ भी नहीं।

- ललित उपाध्याय

खास पाती

आज के वक्त में सोशल

आज के वक्त में सोशल मीडिया द्वारा एक कलेक्टिव नरेटिव दिया जाता है - शाहरुख खान मतलब घिसे पिटे स्टोरी और 70 के उम्र के हीरो को 30 के उम्र के रुप मे नहीं पसंद कर रहे तो आप नकारात्मक नरेटिव सेट कर रहे हैं। इस फिल्म? ट्रेलर प्रमोशन गाना सब सोशल मीडिया से शुरुआत किया गया तब नरेटिव कहां था? बॉलीवुड का पतन का सबसे बड़ा कारण है कि ये लोगों को बिना मांगे ज्ञान देने लगे है। कामन सेंस और सामान्य ज्ञान मे शून्य रहने वाले बड़ी बड़ी ज्ञान कि बाते करते है। बहरहाल इनको बायकाट नहीं इग्नोर करो वरना ये अपनी असफलता का ठीकरा बायकाट पर फोड़ देंगे।

- अंबर दानी

तराशा जिसने शिद्दत से मुझे

तराशा जिसने शिद्दत से मुझे वो कहॉं है फना होने से पहले वो मिला कहॉं है कौन है जिसपे तेरी नजर - करम न हुई तुझको नफरत हो हमसे,नहीं ऐसा कहॉं है कैसे कहूँ उस शक्स को मुझसे महोब्बत है करीब से मुझे वो कभी मिला,कहॉं है अब कि जब वो मिला कह देंगे उसको मुनाफा गर नहीं तो नुकसान भी कहॉं है मेरी ऑंखों में बसे हैं कल के सपने उखड गया हूँ जमीं से,ऐसा कहॉं है यूँ तो यह जिंदगी अभाव की कहानी है दिल ये तडपा न कमी से, ऐसा कहॉं है मुस्कुराहटो में छुपाई कडवाहटें जमाने की भीगा ऑंचल न नमी से,ऐसा कहॉं है। **- बेनू सतीश कॉंत**

इतना बता देते कि हम से बिछड़

इतना बता देते कि हम से बिछड़ कर के क्या मिला हमें है फ़िक्र अकेले में करोगे किस से शिकवा गिला यकीनन हक़ है तुम्हें कि तुम चुनों अपनी पसन्द को मसीहा इतना जरूर सोचना तेरी पसंदों को क्या मिला। **- केदार नाथ शब्द मसीहा**

इतना आसान नहीं था तट पर

इतना आसान नहीं था तट पर बैठकर दीर्घ ध्यान में डूबे जल में कंकड़ मारकर उसकी लहरों को गिनना इतना आसान नहीं था एक अनमने मन के यात्री के मन में बसकर उसके प्रस्थान करते हुए कमल कदमों को गिनना इतना आसान नहीं था।

- अनामिका चक्रवर्ती

विरह की पीर अंतस में छुपा

विरह की पीर अंतस में छुपा ,सब सह रहा है दिल मेरा तुम प्यार अपना लो यही ,.बस कह रहा है दिल दिवानी बन के मीरा सी निहारूं पथ मेरे प्रियवर बसाकर आस का इक गाँव उसमें रह रहा है दिल।

- निधि भार्गव मानवी

बस अपने धुन में मगन रहो ये

बस अपने धुन में मगन रहो ये दुनियां के लोग मात्र देखते है अच्छा करो तो कभी तारीफ़नहीं लेकिन बुरा करो तो बुरा कहते है छोड़ दो जमाने की परवाह करना अपनी जिंदगी तुम्हें स्वयं है जीना कुछ पल हंसो औरों को भी हंसाओ औरों की खुशियों में खुश हो जाओ कोई दिखे तुम्हें दुखी या रोता हुआ उसको उठाकर अपने गले लगाओ जीवन की मुश्किलों को भूल जाओ और आगे बढो जीना इसी का नाम है।

- दीपमाला पाण्डेय अंजली

चाहत ढलती उम्र की कर देती

चाहत ढलती उम्र की कर देती बदनाम। दुनियादारी छोड़ मन,भज ले प्रभु का नाम। काम न आए अंत में,मन काया से प्रीति। प्रभु से नाता जोड़ ले,तज बैरी जग रीति। कोई भी लघु है नहीं ,सब हैं पूर्ण समर्थ। शब्द साथ नुक्ता जुड़े,बदले उसका अर्थ।

- डॉ बिपिन पाण्डेय

QUIZ TIME

1) अन्तर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस कब मनाया जाता है?
2) परिमार्जन पोर्टल किस राज्य सरकार द्वारा शुरू किया गया?
3) सी पोंडी महोत्सव किस राज्य में मनाया जाता है?
4) देश का चार रनवे वाला पहला एयरपोर्ट कौन-सा है?
5) मदुरै मणि अय्यर शैली के पथ प्रदर्शक का नाम

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 11 दिसम्बर (2) बिहार सरकार द्वारा (3) पुदुच्चेरी (4) इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा (5) टी.वी.शंकरनारायण

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1271- मंगोल शासक कुबलई खान ने अपने साम्राज्य का नाम युआन रखा और यहीं से मंगोलिया और चीन में युआन वंश की शुरुआत हुई। 1398- तैमूर ने सुल्तान नुसरत शाह को हराकर दिल्ली पर कब्जा किया। 1777- अमेरिका में पहली बार नेशनल थैंक्स गिविंग डे मनाया गया। 1787- अमेरिकी संविधान को स्वीकार करने वाला न्यू जर्सी तीसरा राज्य बना। 1799- अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जार्ज वाशिंगटन के पार्थिव शरीर को माउंट वर्नान में दफनाया गया। 1833- रूस का राष्ट्रीय गान 'गॉड सेव द जार' पहली बार गाया गया। 1839- अमेरिका के जॉन ड्रेपर ने पहली बार किसी आकाशीय पिंड (चंद्रमा) की तस्वीर उतारी। 1849- विलियम बांड ने टेलीस्कोप के जरिये चांद की पहली फोटोग्राफली। 1878- अल-थानी परिवार कतर पर शासन करने वाला पहला परिवार बना। 1902- इटली के प्रसिद्ध अविष्कारक मार्कोनी ने पहला रेडियो स्टेशन बनाया। 1938- जर्मनी के वैज्ञानिक और रसायनशास्त्री ऑटोहैन द्वारा नाभकीय उर्जा के विश्लेषण से परमाणु युग का आरंभ हुआ1 1941- द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जापानी सेना हांगकांग पहुंची और आम नागरियों का कत्ल करना शुरू कर दिया1 1955- उद्योगपति विजय माल्या का जन्म हुआ। 1960- राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय संग्रहालय का उद्घाटन हुआ। 1969- इंगलैंड में मृत्युदंड की सज़ा समाप्त कर दी गई। 1973- इस्लामिक डेवलपमेंट बैंक की स्थापना। 2005- कनाडा में गृह युद्ध की शुरुआत। 2008- ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण हुआ।

इंसानियत शर्मशार, जिसे कहती थी नाना उसी ने लूटी थी इज्जत

■ कक्षा 6 वी की छात्रा से अनाचार, गर्भवती करने पर मिला आजीवन कारावास

बालोद/नवप्रदेश। बालोद के जज ने डौंडी ब्लॉक के एक गांव में नाबालिग से दुष्कर्म और गर्भवती होने के मामले में एक ग्रामीण को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पीड़िता ने बयान में बताया है कि आरोपी को वह नाना मानता था। पीड़िता और आरोपी एक ही गांव के हैं। केस में पॉक्सो होने और मामला संवेदनशील होने के कारण हम संबंधित के नाम पते का ज्यादा खुलासा नहीं कर रहे हैं। मुकेश कुमार पात्रे विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) बालोद (छ.ग.) के द्वारा आरोपी - सबतरू राम पटेल उम्र 50 वर्ष, निवासी एक गांव, थाना डौण्डी, जिला बालोद (छ.ग.) को भा.द.वि. की धारा 363 के आरोप में तीन वर्ष का सश्रम कारावास व 1000 /- रू0 अर्थदण्ड, धारा 342 के आरोप में एक वर्ष का सश्रम कारावास व 1000 /- रू0 अर्थदण्ड तथा भा.द.वि. की धारा 376 व संरक्षण अधिनियम की धारा 6 के आरोप में आजीवन कारावास (जिसका अभिप्राय उस व्यक्ति के शेष प्राकृत जीवनकाल के लिये कारावास) व 3,000/- रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण देते हुए छन्नू लाल साहू, विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) ने बताया पीड़िता की माता ने दिनांक 20 फरवरी .2020 को आरक्षी केन्द्र डौण्डी में इस आशय की रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसके तीन संतान है, जिसमें पीड़िता उसकी मंझली पुत्री है, जो कक्षा 06 वीं पढ़ रही है, जिसकी उम्र 11 वर्ष है जिसे आज से 6-7 माह पहले गांव का ही रहने वाला अभियुक्त सवतरू राम पटेल के द्वारा उसकी पुत्री पीड़िता को यह जानते हुए कि वह नाबालिग है, जिसे अपने घर खेलने के बहाने बहला-फुसलाकर ले जाता था और बार-बार पीडिता के साथ शारीरिक संबंध बनाया है, जिसके कारण पीड़िता गर्भवती हो गई है। उप निरीक्षक शोभा यादव के द्वारा पीडिता की माता के लिखित आवेदन पत्र तथा उसके बताये अनुसार अभियुक्त सवतरूराम पटेल के खिलाफअपराध क्र0 39 / 2020 रिपोर्ट पर प्रथम दृष्ट्या अपराध धारा 376 (2) (झ) (ढ)) भा.द.व. तथा संरक्षण अधिनियम की धारा 6 घटित करना पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां विचारण के दौरान आये साक्ष्य के आधार पर आरोपी को उक्त दण्ड से दण्डित किया गया।

गर्भवती हो गई तब जांच के बाद पता चला

कोर्ट में दिए गए बयान के अनुसार पहले तो इस बात का अंदाजा नहीं था कि पीड़िता के साथ कुछ गलत हुआ है। जब उसे पेट में दर्द होने लगा और मासिक स्राव रुक गया तो परिजन उसे डॉक्टर के पास चेक कराने ले गए। तब मालूम हुआ कि वह गर्भवती है। घटना के वक्त आरोपी के दबाव में थी। जिसके कारण उसने कुछ नहीं बताया था। जब गर्भवती होने की पुष्टि हुई तो फिर उन्होंने परिजनों के सामने घटना के बारे में खुलासा किया। फिर पुलिस में शिकायत की गई। इस घटना से पीड़िता को एक बच्चा भी हुआ। जिसका डीएनए टेस्ट कराया गया। जिसमें आरोपी के जैविक पिता होने की पुष्टि भी हुई। पीड़िता के अनुसार आरोपी को वह नाना कहकर पुकारती थी।

विकास ही पहली प्राथमिकता–फिरोज खान

■ नगर का विकास ही पहली प्राथमिकता, फ़िरोज खान

■ श्मशान घाट के 2 एकड़ जमीन हुए अवैध कब्जे पर की गई कार्रवाई= फ़िरोज खान

पांडातराई/नवप्रदेश। अतिक्रमणकारियों ने मुक्तिधाम को भी नहीं बख्शा था इस स्थान के लगभग 2 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा करके अतिक्रमण कारी वर्षो से बैठे हुए थे जिसके चलते अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में भी लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था नगर पंचायत पांडा तराई के अध्यक्ष फ़िरोज खान ने इस विषय को बड़ी ही प्रमुखता से लेते हुए जब कवर्धा में समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ तब उन्होंने इस मुद्दे को विशेष रूप से रखते हुए बताया कि किस तरह नगर पंचायत के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इसके साथ ही नगर पंचायत अध्यक्ष इस अतिक्रमण किए हुए जमीन को छुड़ाने बहुत पहले से ही प्रयास कर रहे थे और आखिरकार उनका यह प्रयास सफल रहा आज श्मशान घाट की 2 एकड़ जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया जा चुका है इसके साथ ही जब इस विषय में नगर पंचायत अध्यक्ष फ़िरोज खान से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि दोबारा कोई अतिक्रमण कारी पुनः इस स्थान पर अतिक्रमण ना करें इसके लिए वे जल्द ही नगर पालिका से प्रस्ताव बनवा कर भेजेंगे जिससे 2 एकड़ जमीन में चारों तरफ से फेंसिंग तार का घेराव किया जाएगा इसके साथ ही अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी जिससे अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में किसी प्रकार की कोई समस्या आम लोगों को झेलनी ना पड़ उन्होंने कहा कि आज इस स्थान अतिक्रमणकारियों से मुक्त हो गया है वही बहुत जल्द अब इस स्थान पर समतलीकरण फेंसिंग तार से घेराव सहित बहुत से कार्य कराया जाना प्रस्तावित है

दरअसल नगर पंचायत पांडातराई के वार्ड क्रमांक 3 के मुक्तिधाम की 2 एकड़ जमीन पर अतिक्रमणकारियों ने अवैध कब्जा कर रखा था उस जमीन को छुड़ाने नगर पंचायत अध्यक्ष फ़िरोज खान ने अथक प्रयास किया और उनकी मेहनत भी रंग लाई और यह जमीन अतिक्रमणकारियो से मुक्त हो गई है

ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व इस संबंध में कवार्ध विधायक व मंत्री मोहम्मद अकबर , प्रभारी मंत्री टी एस सिहदेव व क्षेत्रीय विधायक ममता चंद्राकर के द्वारा लिए गए समीक्षा बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज खान द्वारा नगर के प्रमुख समस्याओं में से एक मुक्तिधाम वार्ड क्रमांक 3 के अतिक्रमण को मुक्त कराने ध्यान आकर्षित कराया गया जिस पर मंत्री जी ने तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पंडरिया को दिए इसी तारतम्य में आज एसडी एम पंडरिया तहसीलदार नगर पंचायत व पुलिस टीम के साथ वार्ड नंबर 3 मुक्तिधाम को अतिक्रमण मुक्त कराया गया जिसमे लगभग 2 एकड़ की जमीन से अतिक्रमण हटाया गया इसके साथ ही नगर के वार्ड 1 से 15 तक के मूलभूत सुविधाओं को प्रभावित करने वाले ऐसे स्थानों को चयनित किया गया जिससे आम जनता को या विकास कार्यों को प्रभावित कर रहा हो जिसमे वार्ड नंबर 1 मुक्तिधाम का रास्ता वार्ड 10 में हाट बाजार स्थल भारत माता चौक कालेज परिसर मुख्य मार्ग सोसायटी मंडी इन स्थानों से आने वाले दिनों में अतिक्रमण हटाया जाएगा

गौरव दिवस की जगह काला दिवस मनाए भूपेश सरकार : दीवान

■ राज्य सरकार के 04 वर्ष पूर्ण होने पर मांगा हिसाब

बेमेतरा/नवागढ़। प्रदेश की सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार को कांग्रेस गौरव दिवस के रूप में मना रही है वहीं भारतीय जनता पार्टी इसे जनता को अपमानित करने जैसा बताया है। बेमेतरा भाजपा जिला महामंत्री विकास धर दीवान ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा इस कांग्रेस सरकार ने सुंदर और शांत प्रदेश में माफ़ियाराज, गुंडाराज और भ्रष्टाचार जैसी अमानवीय कृत्यों की नींव रखी है। भय और आतंक का वातावरण आज पूरे प्रदेश में है। लगातार लूट, मारपीट, हत्या जैसी घटनाएं हो रही हैं अपराधियों के हौसले दिन ब दिन बुलंद होते जा रहे हैं इन सब को संरक्षण देने वाली राज्य सरकार किस बात का गौरव मना रही है। जिला महामंत्री दीवान ने कहा आखिर किस चीज़ का गौरव और जश्न मना रही है कांग्रेस पार्टी। क्या महिलाओं से रेडी टू इट के संचालन का कार्य छीनने का यह जश्न है। क्या युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगने का हक है,क्या शराबबंदी के वादे का पूरा ना करने का यह जश्न है।यदि कांग्रेस पार्टी अपने कुशासन को गौरव और जश्न के रूप में मना रही है तो वह जनता का अपमान कर रही है। यदि हम उनके चार वर्ष के कार्यकाल को देखें तो उपलब्धि के नाम पर शून्य है। चुनाव से पूर्व इन्होंने शराबबंदी करने का वादा गंगाजल हाथ में लेकर किया था वही शराब के लगातार नए ठेके खोल रहे हैं और लॉकडाउन के दौरान शराब को घर घर तक पहुंचा कर होम डिलीवरी का काम इन्होंने किया है। वादाखिलाफी इनकी सरकार का एजेंडा है,अल्पकालिक ऋण को छोड़कर किसान का एक भी पैसे का कर्ज माफ नहीं हुआ,बेरोजगारी भत्ता देने से मुकर गए,किसान और वृद्ध पेंशन नहीं मिल रही,अनियमित कर्मचारियों का नियमितीकरण नहीं हुआ एक भी वादा इन्होंने पूरा नहीं किया और उसी बात का जश्न राज्य सरकार और उनकी पार्टी मना रही है।

दीवान ने बताया कि केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को जल प्रदाय करने हेतु लक्ष्य रखा गया जो 2022 तक पूर्ण होना था वह कार्य भी अभी तक पूरा नहीं हुआ।आज जनता पूछती है कि इस सरकार ने चार वर्ष में नई सड़कें,नए स्टेडियम,लाइब्रेरी क्यों नहीं बनाई,पुरानी बनी हुई चीज़ें जर्जर हालत में क्यों है सरकार मेंटेनेंस करने में क्यों असफल है,राज्य सरकार ने ऐसा कोई भी काम नहीं किया जिससे छत्तीसगढ़ गौरवान्वित हो,इस सरकार के कारनामे तो छत्तीसगढ़ को 17 दिसंबर की काला दिवस मनाने मजबूर कर रहे हैं।

गुड़ाघाट स्कूल में हुआ खेल का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा ब्लाक अंतर्गत खपरी एस संकुल अंतर्गत आने वाली शालाओं का आयोजन शासकीय प्राथमिक नवीन विद्यालय गुड़ाघाट में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना, के साथ राष्ट्रीय गीत राज्यकीय गीत अरपा पैरी , के साथ के के यदु , विकास खंड शिक्षा अधिकारी भाटापारा, संकुल प्राचार्य शिवकुमार सोनी, संकुल समन्वयक ओमप्रकाश ध्रुव, सरपंच ग्राम पंचायत गुड़ाघाट दौलतराम ध्रुव, सरपंच ग्राम पंचायत सिल्वा कलेश ध्रुव, भूतपूर्व उप-सरपंच लिलेश्वरी साहू खपरी एस, द्वारा किया गया । अपने उद्बोधन में विकासखंड शिक्षा अधिकारी के के यदु ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए जीवन में खेल के महत्व को विस्तार पूर्वक बताया खेल समाप्ति के पश्चात भास्कर देवांगन सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी भाटापारा द्वारा खेल में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया साथ ही उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हार जीत खेल में लगी रहती है , अच्छा खिलाड़ी वही है जो बिना मनमुटाव की हार जीत को सहर्ष स्वीकार करें खेल का संचालन शत्रु हन लाल बंजारे, श्रीदेव सिंह ध्रुव ,ईश्वर प्रसाद ईश्वर प्रसाद साहू, जीवन लाल वर्मा, हुकुमचंद अविनाश सेन, आशोक कुमारटंडन, वेद प्रकाश वर्मा , रूपेश कुमार मरकाम दिलीप पटेल कमलेश यदु महेश तिवारी विनोद विश्वकर्मा विजय कुमारध्रुव, जे आशा, मती संतप्यारी ध्रुव, अनुसूईया नेताम, वर्षा पैकरा मीनाक्षी शर्मा गौरी खैरवार ,समस्त ग्राम वासियों विशेष सहयोग रहा खेल समाप्ति के पश्चात संकुल समन्वयक ओम प्रकाश ध्रुव अपने उद्बोधन में खेल के महत्व पर प्रकाश डाला साथ ही सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकोंआभार व्यक्त किया गया ।

खैरागढ में हुआ प्री प्लेसमेंट केम्प का आयोजन

खैरागढ/ नवप्रदेश। युवाओं को उनकी योग्यताओं के आधार पर निजी क्षेत्र में नियोजन करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आज खैरागढ के दिलीप सिंह मंगल भवन में प्रातः 10.00 बजे से प्री प्लेसमेंट केम्प का आयोजन किया गया । कलेक्टर खैरागढ-छुईखदान-गण्डई डॉ.जगदीश कुमार सोनकर के मार्गदर्शन में आयोजित प्लेसमेंट केम्प में बडी संख्या में युवाओं ने रूचि दिखाते हुए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । मेगा प्लेसमेंट के जरिये आठवी पास से लेकर आईटीआई, डिप्लोमा तक के प्रतिभागी इसमें शामिल होकर इसमें पंजीयन कराया। राज्य शासन की पहल पर राजधानी रायपुर में वृहद स्तर पर रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा । जहां लगभग 46 हजार पदों निजी सेक्टर में भर्ती की जायेगी । जिसमें भी युवा अपनी योग्यताओं के आधार पर आवेदन कर सकते है। शा.पॉलिटेक्निक खैरागढ़ के व्याख्यतागण ने युवाओं को तकनीकी मार्गदर्शन किया गया । प्लेसमेंट केम्प में युवा कैरियर मार्गदर्शन दिया गया । इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी दण्डाधिकारी खैरागढ प्रकाश सिंह राजपूत, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुरज सिदार, शा.पॉलिटेक्निक खैरागढ के प्राचार्य एच.बी.वराठे, शा. आईटीआई खैरागढ के अधीक्षक उपस्थित थे ।

श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रीय समाज का विंटर कार्निवाल संपन्न

भिलाई नगर/नवप्रदेश। श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रीय समाज भिलाई घटक द्वारा गुजराती भवन सेक्टर-4 में विंटर कार्निवाल का आयोजन धूमधाम से किया गया। जिसमें गुजराती समाज के लोगों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और कार्यक्रम का आनंद उठाया। इस विंटर कार्निवाल में महिलाओं और बच्चों के लिए विभिन्न रंगा रंग कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें महिलाओं और बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। विंटर कार्निवाल में मेमोरी टेस्ट, फेंसी ड्रेस कांपिटिशन, मेहंदी कांपिटिशन, कलर्स मेचिंग और म्यूजिकल चेयर रेस सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फूड स्टाल भी लगाए गए जहां समाज के लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। डीजी की धुन पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी जोन भी बनाया गया था। गुजराती समाज के लोगों ने इस आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की है।

सरकार की योजनाओं से लोगों के जीवन में आयी खुशहाली

■ ग्राम सहसपुर में छत्तीसगढ गौरव दिवस का हुआ आयोजन

खैरागढ़/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने पर आज शनिवार को खैरागढ-छुईखदान-गण्डई जिले के ग्राम पंचायतों, गौठानों एवं धान खरीदी केन्द्रों, तेन्दूपत्ता संग्रहण केन्द्रों और नगरीय निकाय के वार्ड स्तर पर छत्तीसगढ गौरव दिवस तिहार मनाया गया । मुख्यमंत्री बघेल का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का श्रवण किया गया । कलेक्टर डॉ. जगदीश कुमार सोनकर के मार्ग दर्शन में जनपद पंचायत खैरागढ के अंतर्गत ग्राम पंचायत सहसपुर के गौठान में कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि आकाश दीप गोल्डी, सरपंच ग्राम पंचायत सहसपुर पुष्पा वर्मा, जनपद पंचायत सदस्य नंदकुमार वर्मा, दुर्गेश वर्मा, संदीप सिरमौर, जनपद पंचायत के सीईओ चित्रदत्त दूबे, उद्यान अधिकारी आर के मेहरा, मत्स्य निरीक्षक देशमुख सहित गौठान समिति के पदाधिकारी, स्व सहायता समूह की बहने उपस्थित थी ।

मुख्यमंत्री ने विडियो क्रान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि सरकार बनते ही सबसे पहले प्रदेश के किसानों का कर्जा माफ किया गया । सरकार की योजनाओं से आम लोगो को सीधा आर्थिक लाभ हुआ है और छत्तीसगढ के लोगों में खुशहाली बढ़ी है । किसानों के हित में समर्थन मूल्य पर 2500 रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का वादा किया था जिसे पूरा किया गया। प्रदेश के विकास और खुशहाली के हमारे पुरखों के सपनों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ रहे है । राजीव गांधी किसान न्याय योजना से लेकर भूमिहीन कृषि मजदूरों के हित में सरकार द्वारा योजनाये चलाई जा रही है । प्रदेष का सर्वांगीण विकास करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है । मुख्यमंत्री ने प्रदेषवासियों को गौरव दिवस की बधाई और शुभकामनाये दी ।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि गोल्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं किसान पुत्र है और किसानों के दुख-दर्द पीडा को समझते है। चार साल में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ है । खैरागढ जनपद पंचायत के सहसपुर को मॉडल पंचायत के रूप में चुना गया है । महिला स्वयं सहायता समूह बेहतर काम कर रही है । गोल्डी ने सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की अपील लोगों से की । जनपद पंचायत के सीईओ दूबे ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि स्व सहायता समूह की बहने आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ रही है । महिला समूह द्वारा लगभग 2.50 लाख रूपये का वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन किया है । उद्यान अधिकारी मेहरा एवं मत्स्य निरीक्षक देशमुख द्वारा अपने अपने विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने की अपील की ।कार्यक्रम के दौरान राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन मजदूर न्याय योजना के हितग्राहियों को शाल फल देकर सम्मानित किया गया। महिला स्व सहायता समूह की बहनों को साड़ी भेंट की गयी ।

छत्तीसगढ़ आज मना रहा है अपने स्वाभिमान के गौरवपूर्ण उत्थान का पर्व – जायसवाल

साजा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने पर आज नगर पंचयात साजा के अम्बेडकर भवन में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बुजुर्गो, सफाईकर्मी व महिला समूहों का सम्मान किया गया। सबसे पहले छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का वाचन सुना गया। उसके पश्चात नगर पंचयात अध्यक्ष शालिनी जायसवाल द्वारा मुख्यमंत्री के सन्देश को जनता को बताया व नगर में कांग्रेस सरकार बनने के बाद 4 साल के विकास को जन जन को बताया। इसी कड़ी में विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व कृषि मंत्री एवं साजा विधायक रविंद्र चौबे द्वारा साजा में दिये गये करोड़ों के सौगात के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया व नगर के विकास के लिये दिये गये 3 करोड़ की राशि की जानकारी जनता को दी। उसके बाद नगर के बुजुर्गो, सफाई कर्मीयो, महिला समूहों का सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचयात अध्यक्ष शालिनी मनोज जायसवाल, उपाध्यक्ष युगेश्वर सोनी, पार्षदगण खेमेश्वरी साहू, पुष्पा सिन्हा, ज्योति राठी, नरेन्द्र यादव, बाजीगर यादव, राजेश ठाकुर, अवधेश गोयल, एल्डरमैन बंटी जैन, रोहित वर्मा, संता निर्मलकर, जनार्दन ठाकुर, दिनेश साहू, बिजेंद्र वर्मा, तोप सिंह राजपूत, युगेश बगरेचा, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष विप्लव गौरहा, युवा मितान साजा अध्यक्ष शुशील निर्मलकर, टूकेश देशमुख, नविन वर्मा, थानेश्वर साहू, भुजल मिश्रा, मोंटी निर्मलकर सहित अन्य गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहें।

राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण–आशीष छाबड़ा

■ युवाओं ने खेल विधाओं सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर बेमेतरा के शासकीय हाई स्कूल सिघौरी में जिला प्रशासन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला बेमेतरा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति को पुनः स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा हैं, इसी कड़ी में स्थानीय कलाकारों को मंच देने के लिए आज जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिल रहा है, इस महोत्सव के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, लोकगीत को पुनः स्थापित करने का कार्य किया जा रहा हैं। इस महोत्सव के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर मिलेगा, इस महोत्सव के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, लोकगीत को पुनः स्थापित करने का कार्य किया जा रहा हैं। प्रदेश सरकार के द्वारा छग की खेल के साथ साथ पारंपरिक संस्कृति को पुनः स्थापित करने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा हैं। युवाओं में छुपी हुई प्रतिभा को निखारने एवं उसे आगे बढ़ाने के लिए यह एक सशक्त माध्यम है, इससे युवाओ को अपनी कला, प्रतिभा का प्रर्दशन करने का एक अच्छा अवसर मिल रहा है, साथ ही सकारात्मक समाज के निर्माण में मदद मिलेगी। राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होता हैं, युवा राष्ट्र की धारा को बदलने की क्षमता रखते हैं। जीवन के प्रत्येक गतिविधियों का नेतृत्व करने की उनमें क्षमता होती हैं, जो कुछ करने कि तमन्ना रखते हैं, वही आगे बढ़ते हैं। युवा वर्ग सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े और सफलता प्राप्त कर अपने उपलब्धियों से अपना गांव, अपना जिला और प्रदेश का नाम रोशन करें। युवा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत लोक गीत, लोग गायन, एकांकी नाटक, हारमोनियम वादन, तबला वादन, बांसुरी वादन, गिटार वादन सहित शास्त्रीय गायन एवं शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति सहित छत्तीसगढ़ की सुआ नृत्य, पंथी नृत्य, करमां नृत्य, सरहुल राउत नाचा की आकर्षक प्रस्तुति रहा। इसके साथ ही खेल विधाओं में कुश्ती, खोखो, कबड्डी सहित पारंपरिक खेल विधाए भंवरा, फुगड़ी एवं गेड़ी दौड़ में प्रतिभागियों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति पर आधारित चित्रकला एवं छत्तीसगढ़ी व्यंजन स्पर्धा में भी प्रतिभागियों ने बेहतर प्रदर्शन किया।

सरकार के यह चार वर्ष खुशहाली लेकर आए, जनहितैषी योजनाओं और फैसलों ने लाया बड़ा परिवर्तन : छन्नी साहू

■ गौरव दिवस के अवसर पर गौठान का उद्घाटन, मुख्यमंत्री का संबोधन भी सुना

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छुरिया विकासखंड के ग्राम घोरतलाव में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। विधायक छन्नी चंदू साहू ने यहां गौठान का उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक सहित सभी लोगों ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मनाए जा रहे गौरव दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का संबोधन सुना। यहां ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक साहू ने कहा कि, छत्तीसगढ़ सरकार के 4 वर्ष प्रदेश की खुशहाली के लिए समर्पित विचारधारा, नीतियों और संकल्प की सफलता के वर्ष हैं।

ग्रामीणों की बीच पहुंची विधायक साहू ने यहां सभी का अभिवादन किया। युवाओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वागत के बाद साहू ने गौठान का उद्घाटन किया। यहां बड़ी संख्या में ग्रामीण जुटे थे जो विधायक से मिलने और उन्हें सुनने आए थे। वरिष्ठ नागरिकों ने यहां विधायक से मुलाकात कर गांव के विकास और अन्य मांगों को चर्चा भी की। साहू ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि, सभी जरुरतें पूरी होंगी। यहां ग्रामीणों के साथ विधायक साहू ने छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के उपलक्ष्य पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का संबोधन भी सुना। बड़ी संख्या में ग्रामीण यहां जुटे थे। इसके बाद लोगों को संबोधित करते हुए विधायक साहू ने कहा कि हमारी सरकार ने इन चार वर्षों में अलग अलग क्षेत्रो में अनेक विकास कार्यो का शुभारम्भ करके सफल संचालन किया है। राजीव गांधी न्याय योजना, राजीव गांधी भूमिहर किसान न्याय योजना, महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क, तेंदूपत्ता संग्राहकों का समर्थन मूल्य 4000 मानक बोरा, राजीव युवा मितान क्लब योजना, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल जैसी योजनाएं इसमें शामिल है।

उन्होंने आगे कहा कि, वहीं हाट बाजार क्लिनिक, महिला समूहों की ऋण माफी, किसानों का कर्जा माफ, गोधन योजना (गौठान योजना) मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना, राजीव युवा मितान क्लब योजना, वन अधिकार पत्र योजना, कृष्णकुंज, बेरोजगारों हेतु ई श्रेणी पंजीकरण करके 50 लाख तक के कार्यो की स्वीकृति, छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक, रामायण मंडली प्रतियोगिता, डॉ. खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, शासकीय विद्यालय व महाविद्यालय में नियमित शिक्षकों की भर्ती हमारी हमारी सरकार की उपलब्धि है। 4 वर्षों में यह महत्वपूर्ण कार्य हमारे सरकार द्वारा किये गए है। जिससे छत्तीसगढ़ नित नए आयाम छूने में सफल हुए है। ग्राम एकता व अखंडता को बनाये रखने में ग्राम के नागरिकों व प्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। युवाओं की भागीदारी को बढ़ाने में युवाओं को आगे लाने का काम जो हमारी सरकार कर रही है वो अभूतपूर्व है। महिलाओं को बिहान बाजार के माध्यम से उनके कला व हुनर को निखारने के कार्य हमारी ही सरकार की उपलब्धि है।कार्यक्रम के दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रितेश जैन, जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी, विधायक प्रतिनिधि एकनाथ सिन्हा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामछत्री चंद्रवंशी, ब्लाक महामंत्री विजय साहू, ब्लाक सचिव अमित अग्रवाल, महिला कांग्रेस महामंत्री कुसुमलता बावने, तहसीलदार अनुरिमा टोप्पो, जनपद सीईओ एसके ओझा, सरपंच लीला बाई कोठारी, मिलाप राम उपसरपंच, कल्पना सुरसावत, देवानंद सहारे, रत्नमाला उइके, सुरतु दास, मुकेश मारकंडे, विनीता बावनबड़े के साथ साथ अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

ग्राम धुरवाटोला में क्रिकेट समापन के मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विक्रम धुर्वे

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। न्यू ईगल क्रिकेट क्लब धुरवाटोला के तत्वधान में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2022 का आयोजन ग्राम धुरवाटोला में किया गया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में विक्रम धुर्वे (भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि) उपस्थित थे जबकि विशेष अतिथि के रूप में मनीष झा मंडल अध्यक्ष भाजपा डौंडी, रेखा चौहान (पार्षद नगर पंचायत डौंडी) व अन्य अतिथिगण अजय चौहान (महामंत्री भाजपा मंडल डौंडी) ,अब्दुल इब्राहिम उपाध्यक्ष (नगर पंचायत चिखलाकसा), रुपेश नायक (उपाध्यक्ष नगर पंचायत डौंडी),संजीव मानकर(पार्षद नगर पंचायत डौंडी व अध्यक्ष भाजयुमो डौंडी आदि अतिथिगण शामिल हुए । इस क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 40 टीमों ने भाग लिया । प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता दोनों टीमों को मुख्य अतिथि ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी । विक्रम ध्रुवे ने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए हार जीत लगा रहता है

हार से घबराना नहीं चाहिए बल्किं हार से हमारी कमी कहां हुई है यह सीखने को मिलता है। ध्रुवे ने विजेता और उपविजेता दोनों टीमों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी व निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष झा ने कहा की इस तरह ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिस्पर्धा कराने से ग्रामीण स्तर में खेल के प्रति जागरूकता होगी। अजय चौहान ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सभी को धन्यवाद दिया और समापन की घोषणा की इस क्रिकेट प्रतियोगिता को देखने के लिए ग्राम धुरवाटोला के समस्त ग्रामीण एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार के फैसले राज्य के लिए संजीवनी साबित हुए : जितेंद्र मुदलियार

■ युवा आयोग अध्यक्ष ने कहा - बेमिसाल 4 साल से प्रदेश में संपन्नता और खुशहाली आई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने माटीपुत्र मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने प्रदेश की जनता को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने जारी बयान में कहा है कि, यह चार वर्ष चुनौतियों से पार पाकर नई उपलब्धियां हासिल करने वाले रहे हैं। कोरोना की विभिषिका और पूर्ववर्ती सरकार के 15 साल के कार्यकाल में लिए गए अनुचित निर्णयों से जूझते राज्य के लिए कांग्रेस सरकार के फैसले संजीवनी साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि, पूर्ववर्ती सरकार के 15 वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश में आर्थिक सुधार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास सहित सांस्कृतिक-पारंपरिक धरोहर को सहेजने में किसी तरह की दिलचस्पी नहीं ली गई। खेती और किसानों को सुदृढ़ करने के क्षेत्र में कोई काम नहीं हो सका था। किशोरावस्था में पहुंचने तक राज्य का भविष्य सुनिश्चित नहीं था। मुदलियार ने कहा कि, वर्ष 2018 में जनता ने प्रदेश में परिवर्तन की लहर में उन्हें बहा दिया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में 17 दिसंबर 2018 को प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने कमान संभाली।

बेरिकेटिंग से टकराया युवक, आई गंभीर चोट

खैरागढ़/ नवप्रदेश। देर रात एसपी कार्यालय के सामने में लगाए गए बेरिकेटिंग से टकराकर दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि शुक्रवार रात 9 बजे मुढ़ीपार से छुईखदान जाते वक्त बाइक सवार युवक बेटिकेटिंग से टकराकर गए। जिसे 2 युवकों को गंभीर चोटें आईं हैं। एक युवक के चेहरे और सिर पर चोंट लगी है। युवक को 112 की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसे प्राथमिक इलाज़ दिया गया। युवकों का नाम खिलेश बर्मन और चंद्रेश है। दोनों मुढ़ीपार के निवासी हैं। एसपी कार्यालय के सामने व्यवस्था के नाम अचानक बेरीकेट लगा दिया गया है। जो रात के अंधेरे में सहसा दिखाई नहीं देता।

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक मे गुँजा रबी फसल मे पानी देने का मुद्दा

गरियाबंद/ नव प्रदेश। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में पुनः सिकासार बांध के पानी का रबी फसल के लिए देने का मुद्दा उठा। जिला पंचायत सीईओ रोक्तिमा यादव ने बताया कि कल ज़िलाधीश ने जिला कल उपभोक्ता समिति की बैठक में राजिम क्षेत्र के विधायक अमितेश शुक्ला ने रबी फसल हेतु धान के लिये पानी देने की बात कही है और शुक्ल ने फ़िंगेश्वर में भेट मुलाक़ात में मुख्यमंत्री के समक्ष इस माँग को रखी है और कल बैठक में प्रतिनिधि के रूप में नरेंद्र देवांगन सिकासार के पानी को रबी फसल के लिए देने की माँग की है और उसी आधार पर लघु सिंचाई योजनाओ की पानी को दलहन तिलहन के लिए और बड़े जलाशय सिकासार के पानी को माँग अनुसार अनुसंशा के लिये सिंचाई मंत्री और राज्य सरकार को भेज दिया गया है। जिसका निर्णय राज्य सरकार करेगी। जिला पंचायत की बैठक में विधायक प्रतिनिधि नरेंद्र देवांगन ने ज़ल जीवन योजना में घटिया निर्माण

की शिकायत की जाँच ना होना को चिंताजनक बताया और आशंका व्यक्त की जिस पर जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे की जल जीवन जीवन योजना में घटिया निर्माण की शिकायत को सही मानते हुए आरोप लगाया कि इसीलिए जाँच नहीं की जा रही है। अगली बैठक में शिकायत कर्ता के समक्ष जाँच कर जाँच रिपोर्ट बैठक में रखने की बात कही गई। देवांगन ने विधायक अमितेश शुक्ल की ओर से बात रखी की स्कूलो में बाटे जाने वाले गणवेश को बाहर से ख़रीदी कर लाने के बजाए उसी ग्राम पंचायत के महिला स्वसहायता समूहों के द्वारा बनवाया जाये जिस पर अन्य सभी जिला पंचायत सदस्यों ने इसे स्वीकार करते हुए इस पर सहमती जताई।

सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने सभी सदस्यों से एजेंडोंवार बैठक प्रारंभ करने कहा जिसके बाद अन्य सभी एजेंडो पर सभी सदस्यों ने चर्चा प्रारंभ की। उक्त बैठक में मुख्य रूप जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर, उपाध्यक्ष संजय नेताम, सांसद प्रतिनिधि टीकम साहू, जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे, धनमति यादव, रोहित साहू, चंद्रशेखर साहू, फिरतुराम कंवर, लोकेश्वरी नेताम सहीत सभी विभाग के प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

नवागढ़ में मनाया गया छत्तीसगढ़ गौरव दिवस

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार के 4 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में नगर पंचायत नवागढ़ में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने छत्तीसगढ़ के वर्तमान कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा विगत चार साल में किए गए जनहित के कार्यों का बखान करते हुए कहा कि सरकार ने चार साल में जितना काम किया हैं उतना अभी तक किसी भी सरकार ने नहीं किया हैं। सरकार प्रदेश के हर वर्ग के लोगों के लिए दिन रात उनकी उन्नति, प्रगति व विकास के कार्य कर रही हैं। सरकार ने गरीब बच्चों के स्वामी आत्मानंद विद्यालय खोल कर उन सभी का भविष्य बनाने का कार्य किया हैं, साथ ही गोबर और गौमूत्र खरीदी कर गांव के लोगों का जीवन सुधारने का महत्वपूर्ण कार्य किया हैं।साथ ही किसानों को 2500 रु प्रति क्विं की दर से धान खरीदी कर एक कीर्तिमान स्थापित करने का कार्य किया हैं। कार्यक्रम में एसडीएम प्रवीण तिवारी, जनपद पंचायत सीईओ प्रज्ञा यादव, नपं अध्यक्ष तिलक घोष, बीईओ लोकनाथ बांधे, प्राचार्य सिलोचन साहू, एल्डरमैन रुपप्रकाश यादव, अमित जैन, वीरेंद्र जायसवाल सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहें।

भूपेश सरकार के 4 साल होने पर बंटी

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने पर नगर में उत्साही कांग्रेस जनो ने उत्साह पूर्वक फटाके फोड़ कर एवँ मिठाई बाटकर खुशी मनाये। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने कांग्रेस सरकार के द्वारा 4 वर्ष में जनहित में किये गये जन कल्याणकारी कार्य का उल्लेख करते हुए लोगो

को बधाई दी। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता, सुनील महेष्वरी पूर्व न.पा. अध्यक्ष डॉ बसन्त भृगु ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद अग्रवाल वरिष्ठ कांग्रेसी रोशन हबलानी अशोक तिवाड़ी, नरेश चौबे, मोहन केशरवानी,सुनील गुप्ता सहित महिला कांग्रेस की समस्त कार्यकर्ता एव सैकड़ो की तादात में कांग्रेसजन उपस्थित थे...

पूर्व विधायक चैतराम साहु ने बांटा टी शर्ट

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ गौरव दिवस कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के पूर्व विधायक चैतराम साहु ने ग्राम बिटकुली, धनेली, केशला, करही बाजार, खैरा, पाटन, मोपका प्राथमिक साख सहकारी समिति मेंजनसंपर्क के दौरान उपस्थित किसानों से छत्तीसगड़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 4 साल में किसानों के हित मे किये गए जनकल्याणकारी कार्यो की विस्तार से जानकारी दी।इस दौरान पूर्व विधायक चैतराम साहु ने ग्राम खैरा में कार्यरत हमालो को टी शर्ट का वितरण भी किया। कार्यक्रम में भाटापारा कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष सुशील शर्मा ,सोसायटी अध्यक्ष तामेश्वर साहू ,रघुनाथ पटेल,दुलेश्वर साहू, संतोष साहू ,विनोद देवांगन ,हेमलाल यदु,रमाशंकर पटेल, भागवत यदु, अजीज चनिजा सहित काफी संख्या में कृषक गण व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एम पर अभद्र टिप्पणी पर भाजपा युवा मोर्चा में आक्रोश

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के आह्वान में प्रदेश भर में पाकिस्तान के विदेश मंत्री के द्वारा न्यूयॉर्क में प्रेसवार्ता के दौरान पीएम मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी किए जाने के मामले में भाजपा युवा मोर्चा के आक्रोशित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए बिलावल भुट्टो का पुतला फूंका है। कवर्धा के सिग्नल चौराहा पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल सिंह के निर्देश पर युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पीयूष ठाकुर के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री का पुतला दहन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल सिंह ने निंदा करते हुए कहा कि न्यूयॉर्क यात्रा के दौरान पाकिस्तान की विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने प्रेसवार्ता करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी करते हुए कहा कि 'ओसामा बिल लादेन तो मर गया लेकिन गुजरात का कसाई अभी जिंदा है जो भारत का प्रधानमंत्री है'।

नगर चौराहे पर सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता रहे मौजूद

पाकिस्तानी विदेश मंत्री के इस अमर्यादित बयान से आक्रोशित भाजपा युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए, चौराहे पर पाकिस्तान की विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो का पुतला दहन किया। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ने कहा कि विश्व में तेज गति से विकास करने वाला भारत इकलौता देश है।

गुड़ाघाट स्कूल में हुआ खेल का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा ब्लाक अंतर्गत खपरी एस संकुल अंतर्गत आने वाली शालाओं का आयोजन शासकीय प्राथमिक नवीन विद्यालय गुड़ाघाट में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना, के साथ राष्ट्रीय गीत राज्यकीय गीत अरपा पैरी , के साथ के के यदु , विकास खंड शिक्षा अधिकारी भाटापारा, संकुल प्राचार्य शिवकुमार सोनी, संकुल समन्वयक ओमप्रकाश ध्रुव, सरपंच ग्राम पंचायत गुड़ाघाट दौलतराम ध्रुव, सरपंच ग्राम पंचायत सिल्वा कलेश ध्रुव, भूतपूर्व उप-सरपंच लिलेश्वरी साहू खपरी एस, द्वारा किया गया । अपने उद्बोधन में विकासखंड शिक्षा अधिकारी के के यदु ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए जीवन में खेल के महत्व को

विस्तार पूर्वक बताया खेल समाप्ति के पश्चात भास्कर देवांगन सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी भाटापारा द्वारा खेल में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया साथ ही उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हार जीत खेल में लगी रहती है , अच्छा खिलाड़ी वही है जो बिना मनमुटाव की हार जीत को सहर्ष स्वीकार करें खेल का संचालन शत्रु हन लाल बंजारे, देव सिंह ध्रुव ,ईश्वर प्रसाद ईश्वर प्रसाद साहू, जीवन लाल वर्मा, हुकुमचंद अविनाश सेन, आशोक कुमारटंडन, वेद प्रकाश वर्मा , रूपेश कुमार मरकाम दिलीप पटेल कमलेश यदु महेश तिवारी विनोद विश्वकर्मा विजय कुमारध्रुव, जे आशा, मती संतप्यारी ध्रुव, अनुसूईया नेताम, वर्षा पैकरा मीनाक्षी शर्मा गौरी खैरवार ,समस्त ग्राम वासियों विशेष सहयोग रहा खेल समाप्ति के पश्चात संकुल समन्वयक ओम प्रकाश ध्रुव अपने उद्बोधन में खेल के महत्व पर प्रकाश डाला , साथ ही सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकोंआभार व्यक्त किया गया ।

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ युवा महोत्सव सम्पन्न

गरियाबंद/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के युवाओं को देश की लोक-संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सौजन्य से युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर प्रभात मालिक के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन स्थानीय शासकीय वीर सुरेंद्र साय महाविद्यालय में विगत दिवस सम्पन्न हुआ। उक्त आयोजन में विकासखण्ड स्तर के विजेता प्रतिभागी दोनों आयु वर्गों में 15 से 40 एवं 40 से अधिक आयुवर्ग में सम्मिलित हुए। इस आयोजन में लोकनृत्य, लोकगीत, एकांकी नाटक, तबला वादन, हारमोनियम वादन, गिटार वादन, भरतनाट्यम, कत्थक, वक्तृत्व कला (तात्कालिक भाषण) इसके साथ ही सुआ, करमा नाचा, बस्तरिहा लोकनृत्य, पंथी राउत नाचा, फुगड़ी, भौंरा, गेड़ी दौड़, पारम्परिक वेशभूषा (विविध वेषभूषा), प्रतियोगिता फूड फेस्टिवल, वाद-विवाद (तात्कालिक एवं समसामयिक विषयक), क्विज, निबंध, कबड्डी, खो-खो के खिलाड़ी सम्मलित हुए। विभिन्न विधाओं में शासन के द्वारा तय मापदण्ड के आधार पर प्रतिभागियों ने अपना कौशल का प्रदर्शन किया। प्रथम आने वाले युवाओं को मुख्य अतिथि प्रथम पंचायत मंत्री एवं विधायक राजिम अमितेश शुक्ल ने अपने कर कमलों से पुरस्कार प्रदान किया।

कार्यकाल के 4 साल, विधायक के प्रयासों से बही विकास की गंगा

बालोद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार को 17 दिसंबर को 4 साल पूरे हो रहे हैं। इस मौके पर विधायक संगीता सिन्हा ने संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र वासियों को बधाई देते हुए उन्हें शासन की योजनाओं पर ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की अपील की।

Public Works Department
Office of The Superintanding Engineer, Pwd, Raipur Circle No.-1 Raipur. (C.G.)

REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)
(1st Call)

No. 07/Raipur/2022-23 Raipur, Dated. 14.12.2022

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Design, Estimation and related services for the work

नवा रायपुर, अटल नगर, सेक्टर-19 में प्रस्तावित कृषि विभाग के भवन निर्माण हेतु वास्तुविद् नियुक्त करने बाबत् ।

Situated at Raipur

Probable cost of project Rs. 4100.00 Lakh.

Minimum eligibility for participants shall be as below :-

S.N.	Building project cost	The applicant firms, firms forming Joint venture/consortium shall be	Earnest money (In shape as per annexure I) Favor of Executive Engineer, PWD Division No.-03 Raipur
1	For project cost Between 25 to 50 Crore	Empanelled as architect in Class "B" & Above Class in C.G. PWD.	Rs.15,000=00

General condition :- All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post/Registered post. so as to reach the office of under signed on or before dated 03.01.2023 by 17.30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained.

The detailed RFP is available on the website www.cg.nic.in/pwdraipur & **http://cgstate.gov.in/** from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with CG.PWD.

Superintending Engineer
Public Works Department
Raipur Circle No-1 Raipur

G- 96756/4

रोज़ हो रहीं हत्याएं, आखिर किस बात का गौरव दिवस मना रही सरकार : विजय शर्मा

खैरागढ़/ नवप्रदेश। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा ने पूछा सरकार गौरव दिवस मना रही है, आख़िर किस बात का गौरव ? प्रदेश में हर रोज़ हत्याएं हो रही हैं। विगत 4 वर्षों के 6 हज़ार से ज्यादा नाबालिग बालिकाओं के साथ अनाचार हुआ है। 6 हज़ार से अधिक महिलाओं का अपहरण हुआ है। सरकार संगठित अपराध करने के स्वरूप में आ गई है। कस्टम मिलिंग के नाम पर हर क्विन्टल के पीछे 20 रूपए लिए जा रहे हैं। ये सरकार का संगठित अपराध है। प्रदेश के अधिकारियों पर ईडी के छापे पड़ रहे हैं। कुल धान खरीदी का 90 प्रतिशत धान केंद्र की सरकार खरीद रही है। तो आखिर राज्य सरकार किस बात का गौरव दिवस मना रही है।

कोरोना काल में पहुंचाई गई घर - घर शराब

शर्मा ने कहा शराब बंदी के नाम पर चुनाव लड़ा गया। हाथ मे गंगा जल लेकर माताओं बहनों को विश्वास दिलाया गया। लेकिन कोरोना के काल में घरों में शराब की होम डिलीवरी कराई गई। महिला स्व सहायता समूहों को खत्म कर दिया गया।

रेडी टू ईट छीनकर कंपनी को दिया गया टू

शर्मा ने कहा महिलाओं के रेडी टू ईट के काम को टू छीनकर एक कंपनी को दे दिया गया। और महिलाओं को बेरोजगार कर दिया गया। प्रधानमंत्री आवास का काम अटका हुआ है। प्रदेश में साढ़े 11 लाख आवास केंद्र ने स्वीकृत कर रखा जिसे सरकार नहीं बनाया तो आखिर सरकार किस बात का गौरव दिवस मना रही है.इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विक्रांत सिंह, जिला अध्यक्ष घम्मन साहू, पार्षद विनय देवांगन अनिल अग्रवाल, शशांक ताम्रकार, आयश सिंह बोनी सहित अन्य मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

जीवेत शरदः शतम्
माननीय डॉ. शिवकुमार डहरिया जी
मंत्री नगरीय प्रशासन
को जन्मदिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
Happy Birthday
श्रीमती सोनी अजय बंजारे
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सारंगढ़
अजय बंजारे
अध्यक्ष प्रतिनिधि
रामनाथ सिदार
उपाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सारंगढ़
कमलाकांत निराला
पार्षद- वार्ड क्र. 01
श्रीमती कमला किशोर निराला
पार्षद वार्ड क्र. 02
श्रीमती किरन नंदू मल्होत्रा
पार्षद वार्ड क्र. 03
श्रीमती शांति लक्ष्मण मालाकार
पार्षद वार्ड क्र. 04
रामप्रसाद यादव
पार्षद वार्ड क्र. 05
सुनील कुमार यादव
पार्षद वार्ड क्र. 06
सुभम बाजपेयी
पार्षद वार्ड क्र. 07
श्रीमती सरिता शंकर चन्द्रा
पार्षद वार्ड क्र. 10
श्रीमती गीता महेन्द्र
थवाईत ,पार्षद वार्ड क्र. 11
श्रीमती संजीता सिंह
पार्षद वार्ड क्र. 14
पवन अग्रवाल
एल्डमेन
बबलू वही दार
एल्डरमेन
धीरज यादव
एल्डरमेन
दामोदर देवांगन
एल्डरमेन
श्रीमती प्रभा सूरज तिवारी
एल्डरमेन
बाबूलाल पटेल
वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अमझर
-: विनीत :-
नगर पालिका परिषद
सारंगढ़
संकलनकर्ता :– रामकिशोर दुबे व्यूरोचीफ सारंगढ़, संपर्क :– 9302496135, 6260849296

संकलनकर्ता :- रामकिशोर दुबे ब्यूरोचीफ सारंगढ़, संपर्क :- 9302496135, 6260849296